हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

www.naisochlive.com | पटना, शनिवार, 26 अक्टूबर 2024, वर्ष- 07, अंक- 244, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

पेज : 08

बॉक्स ऑफिस पर आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा की हालत पस्त 12वें दिन ...



## अहमदाबाद में 50 से अधिक बांग्लादेशी घुसपैठिये हिरासत में




**एजेंसी, अहमदाबाद**

अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने 50 से अधिक बांग्लादेशी घुसपैठियों को हिरासत में लिया है। इनके अलावा 200 से अधिक घुसपैठियों से पूछताछ भी की जा रही है। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के डीसीपी अजित राजियान के अनुसार कुछ दिन पहले 3-4 बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़कर उनके विरुद्ध केस दाखिल किया गया था। उनसे पूछताछ के बाद यह सारी जानकारी सामने आई है। इसके बाद 50 बांग्लादेशी घुसपैठियों को हिरासत में लिया गया है। अन्य 200 लोगों से भी इस सिलसिले में पूछताछ जारी है। पकड़े गए लोगों के पास से बांग्लादेश का लैंड रिकॉर्ड, आईडी कार्ड और जन्म का प्रमाण पत्र मिला है। इनके फोन में यह सारी डिजिटल सामग्री मिली हैं। जानकारी के अनुसार पकड़ीं गईं महिलाओं में से अधिकांश वेश्यावृत्ति से जुड़ी थीं। इसके अलावा घरों में नौकरानी और श्रमिक के काम से भी वे जुड़ीं हैं। पुरुषों के मजदूरी समेत ड्रग्स और देसी शराब के काम में लिप्त होने की बातें सामने आई हैं।

## मालदीव के आर्थिक हालात खराब, राष्ट्रपति मुइज्जू को मिलेगी आधी सैलरी

- **सरकारी कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं, मोहम्मद मुइज्जू की सैलरी में 50% की कटौती, मालदीव की आर्थिक स्थिति गंभीर**

**एजेंसी, माले**



भारत के साथ तनाव के चलते मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उनके शासन में देश की वित्तीय स्थिति इतनी खराब है कि उन्हें अपनी सैलरी में 50फीसदी की कटौती करनी पड़ी है। मुइज्जू के पास सरकारी कर्मचारियों को सैलरी देने के लिए पैसे नहीं हैं। मुइज्जू ने चीन के साथ संबंधों को प्राथमिकता दी है और भारत से दूरी बनाई है, तब से मालदीव की आर्थिक स्थिति डांवाडोल हो गई है। टूरिज्म जो कि मालदीव के लिए मुख्य आय का साधन है लेकिन भारत के साथ विवाद का नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। मालदीव सरकार ने हाल ही में आर्थिक संकट को दूर करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसमें सरकारी नौकरियों में सैलरी में कटौती शामिल है।

## कुम्हार कॉलोनी पहुंचे राहुल, मिट्टी से बर्तन बनाने की बारीकियां सीखीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार सुबह अचानक पश्चिम दिल्ली के उत्तम नगर स्थित कुम्हार कॉलोनी पहुंचे। उन्होंने कुम्हार कॉलोनी के प्रधान रहे हरिकिशन के परिजनों तथा स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा। इस दौरान राहुल ने मिट्टी से तैयार होने वाले उत्पादों की बारीकियां भी सीखीं। प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली के उत्तम नगर में एशिया की सबसे बड़ी कुम्हार कॉलोनी है। इस कॉलोनी में कुम्हारों के लगभग 1000 परिवार रहते हैं। जो दशकों से मिट्टी के बर्तन और साजोसामान बनाने के काम में जुटे हैं। इन परिवारों में 10 राष्ट्रीय पदक विजेता हैं। राहुल ने इस बस्ती में जाकर कुम्हारों से बात की और उनकी जिंदगी से जुड़े स्याह पक्ष को जानने की कोशिश की।

## संक्षिप्त समाचार

### कोयला घोटाले में मधु कोड़ा को सुप्रीम कोर्ट से झटका



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की कोयला घोटाला मामले में ट्रायल कोर्ट की ओर से दोषी ठहराये जाने के फैसले को निलंबित करने की मांग खारिज कर दी है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने मधु कोड़ा की याचिका खारिज करने का आदेश दिया। इसके पहले 18 अक्टूबर को दिल्ली हाई कोर्ट ने मधु कोड़ा की याचिका खारिज कर दी थी। कोड़ा ने याचिका में कहा था कि वे झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हैं और वे झारखंड विधानसभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं। अगर उनकी सजा को निलंबित नहीं किया जाता है तो वे आगामी विधानसभा चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

### अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती, उसके भाई और पिता को राहत दी है। कोर्ट ने तीनों के खिलाफ जारी सीबीआई के लुकआउट सर्कुलर को रद्द करने के बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका को खारिज करते हुए चेतावनी दी कि हम आप पर जुर्माना लगाएंगे।

### इमरान खान की दोनों बहनों को मिली जमानत



**एजेंसी, इस्लामाबाद।** आतंकवाद विरोधी अदालत इस्लामाबाद ने आज पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान की दोनों बहनों अलीमा खान और उज्मा खान को जमानत प्रदान कर दी। दोनों को इस माह की शुरुआत में राजधानी इस्लामाबाद की डी चौक में धारा 144 के उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, डी चौक में पीटीआई के प्रदर्शन के मद्देनजर धारा 144 लगाई गई थी। पीटीआई के डी चौक पर प्रदर्शन करने के फैसले पर अडिग रहने के मद्देनजर राजधानी में कई सड़कों को बंद कर दिया गया था।

# 'दाना' का कहर: पश्चिम बंगाल में एक की मौत

**एजेंसी, कोलकाता**

### 2.16 लाख लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए गए



पश्चिम बंगाल में आए चक्रवाती तूफान 'दाना' ने तबाही मचाई है, जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई। प्रशासन ने अब तक 2.16 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस संकट पर नियंत्रण के लिए रातभर राज्य सचिवालय में रहकर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत सामग्री प्रभावितों तक पहुंचाई जाए। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि एक व्यक्ति घर पर तारों से जुड़ा काम कर रहा था। इस बीच हादसा हुआ और उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी और यदि आवश्यक हुआ तो राज्य सरकार मृतक के परिवार की सहायता करेगी। ममता ने कृषि विभाग से चक्रवात से प्रभावित कृषि भूमि का सर्वेक्षण कराने के निर्देश दिए हैं ताकि किसानों को फसल बीमा का लाभ मिल सके। इस प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए फसल बीमा की समय-सीमा को 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 30 नवंबर तक कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को प्रभावित क्षेत्रों में अगले 48 घंटों तक तैनात रहने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि सागर द्वीप, डायमंड हार्बर (दक्षिण 24 परगना), संदेशखाली (उत्तर 24 परगना) और बशीरहाट जैसे क्षेत्रों में पानी भर गया है। इसके साथ बनगांव और बशीरहाट सब-डिवीजनों में भी जलभराव की समस्या बनी हुई है। उन्होंने अधिकारियों से सुनिश्चित करने को कहा कि सांप काटने की दवाएं सहित आवश्यक दवाएं प्रभावित लोगों तक समय पर पहुंचाई जाएं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में हरियाली प्रभावित हुई है वहां फिर से पौधरोपण किया जाए। साथ ही कहा कि राहत शिविर तब तक जारी रहने चाहिए जब तक पानी पूरी तरह से नहीं उतर जाता। स्वास्थ्य विभाग को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि डेंगू, मलेरिया और दस्त जैसी बीमारियों पर विशेष नजर रखी जाए। मुख्यमंत्री ने घाटाल मास्टर प्लान को दो वर्षों में पूरा करने का निर्देश दिया। इस परियोजना के तहत राज्य की 10 प्रमुख नदियों के किनारों को मजबूत किया जाएगा और नदी के तल की गहराई बढ़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रवासी मजदूरों की मदद से इस कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ममता बनर्जी ने सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग को पीने के पानी की पाइप लाइन बिछाने का काम जल्द पूरा करने को कहा। ममता बनर्जी ने दावा किया कि झारखंड में बारिश होते ही दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) राज्य में पानी छोड़ता है, जिससे बाढ़ की समस्या उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि यह एक नियमित समस्या बन चुकी है। उन्होंने सुंदरबन क्षेत्र में मिट्टी कटाव रोकने के लिए इस वर्ष 15 करोड़ मैंग्रोव पौधरोपण का भी निर्देश दिया।

## संघ की बैठक में रतन टाटा, रामोजी राव, येचुरी व बुद्धदेव को दी गई श्रद्धांजलि



**एजेंसी, मथुरा**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की बैठक में हाल ही में दिवंगत हुई विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों को श्रद्धांजलि दी गई। दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में चल रही बैठक की शुरुआत में हाल ही में दिवंगत हुए पूज्य राघवाचार्य महाराज (जयपुर), प्रसिद्ध उद्योगपति पद्म विभूषण रतन टाटा और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसके अलावा हाल ही में दिवंगत हुए ईनाडु और रामोजी फ़िल्म सिटी के संस्थापक रामोज़ी राव, कम्युनिस्ट नेता सीताराम येचुरी, पूर्व विदेश मन्त्री के. नटवर सिंह, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी, एडमिरल (सेनि) रामदास तथा दिवंगत अन्य प्रमुख लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले तथा सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, मुकुन्दा, अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, आलोक कुमार, अतुल लिमये सहित अन्य अखिल भारतीय कार्य विभाग प्रमुख एवं कार्यकारिणी के सदस्य भाग ले रहे हैं।

## मुंबई से कंडला आ रही फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी, भुज**



मुंबई से कंडला आ रही स्पाइस जेट एयरलाइन्स के विमान को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। स्पाइस जेट एयरलाइन्स के एक्स एकाउंट पर मुंबई-कंडला फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी के बाद कच्छ पूर्व की पुलिस समेत विभिन्न जांच और सुरक्षा एजेंसियों ने कंडला हवाईअड्डे पर जांच की है। कंडला हवाईअड्डा प्राधिकरण के अधिकारियों ने घटना की पुष्टि की है। एक अधिकारी के अनुसार स्पाइस जेट के एक्स अकाउंट पर बम संबंधी धमकी के बाद कंपनी ने इसकी जानकारी हवाईअड्डा प्राधिकरण को दी। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों को इसकी जानकारी दी गई। हवाईअड्डा पर विमान आने से पहले सभी सुरक्षा व जांच एजेंसियां कंडला हवाईअड्डा पर पहुंच गईं। विमान के कंडला हवाईअड्डा पर उतरने के बाद यात्रियों और उनके सामान की जांच की गई। जांच में किसी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की गई है।

## अगले पांच वर्षों में मेडिकल की 75 हजार सीटें बढ़ाई जाएंगी: जेपी नड्डा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज के 53वें स्थापना दिवस समारोह और दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में एमबीबीएस और एमडी की सीटों में 100 फीसदी की बढ़ोतरी की है। इसके साथ आने वाले पांच सालों में सरकार एमबीबीएस की 75 हजार सीटें और बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि बुनियादी शिक्षा हर किसी का जन्मसिद्ध अधिकार है लेकिन व्यावसायिक शिक्षा एक विशेषाधिकार है जो समाज केवल कुछ ही लोगों को प्रदान करता है। सरकार प्रत्येक एमबीबीएस छात्र के लिए 30-35 लाख रुपये खर्च करती है। उन्होंने नए डॉक्टरों से आग्रह किया कि वे अपने पेशेवर करियर को आगे बढ़ाते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियां निभाएं। नड्डा ने स्वास्थ्य पेशेवरों को देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने और चिकित्सा सेवाएं सभी के लिए सुनिश्चित करने को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

## झामुमो पर जितना प्रहार करेंगे, वह उतना मजबूत होगा: सुप्रियो भट्टाचार्य

**एजेंसी। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव की तैयारी जोर शोर से शुरु हो गई है। नामांकन की प्रक्रिया गुरुवार को बड़ी संख्या में हुई। उसमें लोगों के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिला। पूरा का पूरा झारखंड अपने जनप्रतिनिधियों को चुनने के लिए आतुर था। बड़ी संख्या में युवा, मजदूर, महिला, पुरुष मजदूर , किसान साहेबगंज से शुरू करे और पश्चिमी सिंहभूम तक गये। हर तरफ का नजारा लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए था। लेकिन लोकतंत्र के महापर्व को दूसरी साजिश के तहत भाजपा की ओर से भ्रम पैदा करने का काम किया गया, यहां राजनीतिक घुसपैठ हुआ है। जब यहां केंद्रीय मंत्री और दूसरे राज्य के मुख्यमंत्री विफल हो गये, तो लगाम कसने वाली संस्था ईडी को आगे कर दिया। उन्होंने कहा कि नुक्कड़-नुक्कड़ घुम रहे उनके मुख्यमंत्री। झारखंड के लोगों ने तय कर दिया कि उन्हें दहाई भी नहीं मिलेगा। केंद्रीय एजेंसियों ने क्या जांच कर लिया। झामुमो पर जितना प्रहार करेंगे, वह उतना मजबूत होगा। भट्टाचार्य शुक्रवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 2019 से हेमंत सोरेन की सरकार आई, हम लोग महामारी से जूझते रहे, राज्य सरकार के कार्य को रोकने के लिए कार्य हुए। हमारे प्रिय राज्य मंत्री रहे उस परिवार को तरह-तरह की परेशानी में डाला गया। गुरुवार को साहेबगंज में नामांकन हुए, वहां भी बिना तथ्य की कार्यवाही हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव हार गई है। इसलिए अब उनका एक ही कार्य है कि विधानसभा चुनाव को कैसे प्रभावित करें। उन्होंने कहा कि यह चुनाव का समय है, लोगों के पास हम अपने कार्य को लेकर जा रहे हैं।




## कांग्रेस में टिकट बेचने की पुरानी परम्परा : हिमंता बिस्वा सरमा

**एजेंसी। रांची**



बरही से कांग्रेस के पूर्व नेता व विधायक उमाशंकर अकेला के दो करोड़ रुपये लेकर टिकट देने के आरोप वाले बयान पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि मैं भी एक समय कांग्रेस में था। कांग्रेस में यदि एक स्टेट में 100 सीटें हैं तो 20 सीटें बिकती हैं। यह कांग्रेस की पुरानी परंपरा है। सरमा ने कहा कि उमा शंकर अकेला ने जो बताया वह कोई नया बात नहीं है। हर राज्य में हमलोग देखते हैं कि कांग्रेस 20 प्रतिशत सीट बेचती है। मीर साहब पर कोई व्यक्तिगत आरोप लगाने से कोई फायदा नहीं है। यह कांग्रेस का सिस्टम है कि वे 20 प्रतिशत सीट बेच देते हैं। रांची में बागी उम्मीदवार वाले सवाल पर उन्होंने कहा कि हर कोई चाहता है कि वह चुनाव लड़े और इसी को देखते हुए उनके द्वारा नामांकन भी की जाती है लेकिन नामांकन वापसी की तारीख तक इन्हें मनाया भी जाता है। उन्होंने कहा कि एनडीए की ओर से प्रत्येक सीट पर 1-1 प्रत्याशी खड़ा किया जा रहा है लेकिन इंडी गठबंधन का हाल आप देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की सीट पर दो-दो, तीन-तीन उम्मीदवार खड़े हो रहे हैं। सरमा ने आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को नामांकन करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि विपरीत मौसम के बावजूद हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति से स्पष्ट होता है कि एनडीए के प्रति लोगों का रुझान क्या है। उन्होंने एनडीए के सभी सहयोगी दलों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि सुदेश महतो सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से एक बार फिर रिकॉर्ड वोटों से जीतेंगे। साथ ही कहा कि झारखंड में एनडीए की जीत तय है। झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि वादे के अनुसार, सरकार बनने पर पहली कैबिनेट बैठक में ही गोगो दीदी योजना से झारखंड की युवतियों व महिलाओं के खाते में 2100 रुपये हर माह दिए जाएंगे। डेढ़ लाख नौकरी एक साल में देंगे। लोगों को बालू और साल में दो त्योहारों पर दो गैस सिलेंडर फ्री देने की बात कही। उन्होंने कहा कि हरियाणा, असम व मध्य प्रदेश में भाजपा ने जो वादा किया, उसे पूरा किया। हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि झारखंड को घुसपैठियों से बचाना है। असम की हालत भी इसी तरह के थे। 20 प्रतिशत मुसलमानों की संख्या बढ़ते-बढ़ते घुसपैठियों की संख्या 45 प्रतिशत हो गयी। बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण झारखंड की जनसांख्यिकी बदल रही है लेकिन सत्तारूढ़ झामुमो इस मुद्दे पर चुप है। क्योंकि, वे उनके वोट बैंक हैं। यही हालत झारखंड के भी हो जायेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### शोषित वंचित व गरीब जनों की सेवा नीतीश सरकार की प्राथमिकता : सुमित

**पटना।** शुक्रवार को जनता दल (यू0) प्रदेश कार्यालय, पटना में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार के विज्ञान, प्रौद्योगिकी व तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आम जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मंत्री सुमीत कुमार सिंह ने कहा कि शोषित, वंचित एवं गरीब जनों की सेवा करना नीतीश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। जनसेवा के इसी ध्येय को केंद्र में रखकर प्रदेश कार्यालय में प्रत्येक सप्ताह दिन मंगलवार से शुक्रवार तक जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। साथ ही इसके माध्यम से अब तक बड़ी संख्या में आम लोगों को मदद भी मिली है।

### पंचायत सरकार भवन की कार्य योजना बनाकर मुख्यमंत्री ने बापू के सपनों को साकार किया : जदयू

**पटना।** जदयू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने मीडिया में जारी एक बयान में कहा कि वर्तमान समय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को सही मायनों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य भर में 7160 करोड़ रुपए की लागत से 2615 पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में राज्य के 8053 ग्राम पंचायतों में 6858 पंचायत सरकार भवन स्वीकृत किए गए हैं जिनमें कि 1548 भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि इन पंचायत सरकार भवन के निर्माण से आम लोगों को काफी सुविधाएं मिलेंगी जहाँ लोगों को एक ही छत के नीचे राज्य सरकार की तरफ से चलाई जा रही अनेकों योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि पंचायत सरकार भवनों के निर्माण से लोगों को सरकारी कामों के लिए शहरों के चक्कर नहीं लगाने पडेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत सरकार भवन में केवल पंचायतों का ही काम नहीं होगा बल्कि लोगों को और भी कई तरह की सुविधाएं मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और जब तक ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों का सशक्तिकरण नहीं होगा तब तक देश का विकास संभव नहीं है।

### पैक्सों को विकसित करने में मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजनाहण महत्वपूर्ण भूमिका : प्रेम

» मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना में आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 नवम्बर

**पटना।** सहकारिता एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने विभागीय समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना के बेतर क्रियान्वयन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह योजना पैक्सों को आदर्श पैक्स के रूप में विकसित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा तथा इससे माध्यम से पैक्सों द्वारा किये जा रहे बेहतर कार्यों को राज्य स्तर पर पहचान मिल सकेगा तथा उन्हें पुरस्कृत कर उन्हें और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा। इस योजना के माध्यम से विभिन्न पैक्सों में बेहतर कार्य करने हेतु एक प्रतिस्पर्धी भावना भी जागृत होगी। सहकारिता विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष - (2024-25) में पैक्सों को आदर्श पैक्स के रूप में विकसित करने हेतु स्वच्छ प्रतियोगिता के प्रयोजन से मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना लागू किया गया है। इस योजना अन्तर्गत पैक्सों का चयन गत वर्ष के अंकेक्षण प्रतिवेदन के आलोक में उसके द्वारा विभिन्न क्रियाकलापों में किये गये प्रदर्शन के सापेक्ष प्राप्त अंकों के आधार पर होगा। इस योजना के अन्तर्गत चयन हेतु ग्रेडेशन प्रणाली के आधार पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रत्येक जिला के तीन पैक्सों तथा राज्य स्तर पर तीन पैक्सों का चयन कर उन्हें राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। राज्य स्तरीय पुरस्कार में प्रथम पुरस्कार - 15 लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार- 10 लाख रुपए तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 7 लाख रुपए राज्य स्तर पर चयनित प्रथम तीन पैक्सों को दिया जायेगा। जिलास्तर पर चयनित प्रथम तीन पुरस्कृत पैक्सों को भी क्रमशः 5 लाख रुपए 3 लाख रुपए तथा 2 लाख रुपए प्रदान किया जायेगा। राज्य के सभी पैक्सों से ई-सहकारी पोर्टल के माध्यम से इस योजना हेतु ऑन-लाईन आवेदन आमंत्रित किये गये है। इस योजना के अन्तर्गत आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 नवम्बर 2024 है।

### झूठ के सहारे चुनावी बेड़ा पार लगाना चाहता है विपक्ष : उमेश

**पटना।** शुक्रवार को जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा रामगढ़ विधानसभा उप-चुनाव के एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार सिंह के नामांकन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने जनसभा को संबोधित करते हुए स्थानीय मतदाताओं से आगामी 13 नवंबर को चुनाव चिन्ह कमल छाप पर वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान जनता को झांसा देने में विपक्ष को महारथ हासिल है लेकिन उनके इस खेल को अब जनता भी समझ चुकी है। श्री कुशवाहा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की एनडीए सरकार विकास के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रही है। केंद्र और राज्य में डबल इंजन की एनडीए सरकार समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति की चिंता करती हैं। वहीं, दूसरी ओर राजद और कांग्रेस की सोच पर परिवारवाद का ताला लग चुका है। उन्होंने कहा कि बिहार का हित चाहने वाले हर मतदाता का दायित्व ये बनता है कि इस उपचुनाव में ऐसा परिणाम दें कि हमारे प्रतिद्वंद्वी 2025 की रणभूमि में जाने से पहले सौ बार सोचें। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उप-चुनाव में विपक्ष के विकास विरोधी मानसिकता को रामगढ़ की जनता पूरी तरह से नकार देगी और सभी चार सीटों पर एनडीए गठबंधन का परचम लहराएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जंगलराज की खौफनाक यादें आम जनता के जहन में आज भी ताजा है और उस काले दौर में कोई भी वापस नहीं जाना चाहता। वर्ष 2005 के बाद श्री नीतीश कुमार ने बिहार में भयमुक्त माहौल कायम किया है। उन्होंने कहा कि आसुरी शक्तियां आज भी हमारे बीच मौजूद है। बस इन्होंने अपना रूप बदल लिया है। आज जरूरत इस बात की है कि इन जनविरोधी, समाजविरोधी, विकासविरोधी और लोकतंत्रविरोधी शक्तियों को हम पहचानें और अपने मत की ताकत से उन्हें उखाड़ फेंकें।

### जदयू कार्यालय के बाहर शारीरिक शिक्षक-स्वास्थ्य अनुदेशकों का प्रदर्शन

**पटना।** बिहार के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शारीरिक शिक्षक और स्वास्थ्य अनुदेशक जदयू कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। सैकड़ों शिक्षक हाथ में तख्ती लेकर नारेबाजी करते हुए गेट के पास बैठ गए और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उन्हें बहुत कम वेतन दिया जाता है। परिवार वालों के सामने तक जाने में या किसी को बताने में शर्म आती है। निर्भय कुमार ने कहा हमारा जैसा नियमावली है, पूरे भारत में कहीं भी नहीं है। हमलोगों के साथ अन्याय हो रहा है। सीएम नीतीश कुमार ही हमारा कल्याण करेंगे। ऐसा हमें उम्मीद है। खेल को बढ़ावा देने के लिए पंचायत लेवल पर क्लब बनाए जा रहे हैं। वह क्लब बिना शारीरिक शिक्षक के संभव नहीं है। वहीं, भास्कर प्रसाद ने कहा कि 8000 रुपए वेतन मिलता है। इतने में एक महीने का गुजारा कैसे होगा। कम वेतन के कारण पत्नी-बच्चों के सामने चेहरा दिखाने में शर्म आती है। हमलोग काफी परेशान हैं। घर और समाज में लोग ताने मारते हैं। स्थिति न घर के और न घाट जैसी हो गई है। 2022 में बहाल हुए शारीरिक शिक्षक और स्वास्थ्य अनुदेशकों को सिर्फ 8000 रुपए मासिक वेतन मिलता है। नियोजित शिक्षकों की तरह अब ये लोग भी राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांग राज्य सरकार से कर रहे हैं।

# राजगीर में विश्व शांति स्तूप की स्थापना के 55वें वार्षिक समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज नालंदा जिला के राजगीर में विश्व शांति स्तूप की स्थापना के 55वें वार्षिक समारोह में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बड़ी खुशी की बात है कि विश्व शांति स्तूप की स्थापना के 55वें वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मैं सभी को शुभकामनायें देता हूँ। साथ ही यहाँ देश-विदेश खासकर जापान से पधारे सभी अतिथियों का अभिनंदन एवं स्वागत करता हूँ। उन्होंने कहा कि आप सब जानते हैं कि राजगीर में विश्व शाँति स्तूप का निर्माण वर्ष 1969 में जापान के फियूजी गुरुजी ने कराया था तथा इसका उद्घाटन 25 अक्टूबर, 1969 को तत्कालीन राष्ट्रपति वी०वी० गिरी जी द्वारा किया गया था। तब से हर वर्ष 25 अक्टूबर को यहां कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। वर्ष 2019 में विश्व शांति स्तूप के 50 साल पूरे हुये थे तब हमने तत्कालीन राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जी को दिल्ली जाकर आमंत्रित किया और वे इस कार्यक्रम में आये थे, जो बहुत बड़ा कार्यक्रम हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध का राजगीर से काफी पुराना संबंध है। वे वेणुवन में रहा करते थे और फिर यहाँ से गया चले गये थे, जहाँ उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुयी और तब से उस स्थान को बोधगया के नाम से जाना जाता है। भगवान बुद्ध ज्ञान प्राप्ति के बाद 'उत्तर प्रदेश के सारनाथ' चले गये जहाँ उन्होंने पहला उपदेश दिया। उसके बाद वे पुनः राजगीर आये और यहीं पास के गृद्धकूट पर्वत पर उपदेश देने लगे। इसके बाद वे वैशाली एवं अन्य जगहों पर गये। अंत में वे बहुत बीमार हो गये थे और उत्तर प्रदेश के कुशीनगर पहुँचे जहाँ उनका महापरिनिर्वाण हो गया। उन्होंने कहा कि हमने राजगीर में भगवान बुद्ध से जुड़े सभी स्थलों का विकास कराया है। वेणुवन, जहाँ भगवान बुद्ध रहते थे, पहले वहां की स्थिति ठीक नहीं थी। इसके क्षेत्र को बढ़ाया गया है और इसका सौंदर्यीकरण कराया गया है। गृद्धकूट पर्वत पर आने-जाने के लिए रास्ता को ठीक कराया गया है। घोड़ाकटोरा में पानी के बीच में भगवान बुद्ध की 50 फीट ऊँची प्रतिमा लगायी गयी है। इसके अलावा पटना में बुद्ध स्मृति पार्क एवं बुद्ध स्तूप का निर्माण कराया गया है। वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय का निर्माण अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि राजगीर से हमारा पुराना रिश्ता है। हम बचपन से ही यहां आते रहे हैं। सरकार में आने के बाद वर्ष 2008 में हम राजगीर में 7 दिन रहे थे और सभी जगह गये थे। यहीं पर विश्व शांति स्तूप के बगल में कैबिनेट की बैठक करायी थी। राजगीर में विकास के सभी काम करा दिये गये हैं, अब लोगों को बहुत सुविधायें हो गयी है और अब राजगीर आनेवाले लोगों की संख्या बहुत बढ़ गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजगीर के पहाड़, जिन्हें पंच पहाड़ी कहते हैं, करोड़ों वर्ष पुराने हैं। पहले यहाँ पेड़-पौधे बहुत कम थे। हमने यहाँ पर वृक्षारोपण कराया है, अब पहाड़ों पर हरियाली काफी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि यहाँ जू-सफारी, नेचर सफारी एवं ग्लास ब्रिज का निर्माण कराया गया है। राजगीर से 5 धर्मों का संबंध रहा है, जिनमें हिन्दू, मुस्लिम, बुद्ध, जैन एवं सिख शामिल हैं। हमने सभी धर्मों के स्थलों का विकास कराया है। यहाँ कुण्ड हैं जिसमें से गर्म पानी निकलता है। मुस्लिम धर्म के महान सूफी संत मखदूम साहब कुण्ड का भी विकास कराया गया है। यहाँ हर तीसरे वर्ष हिन्दू धर्म के मलमास मेला का आयोजन किया जाता है। पिछले साल वर्ष 2023 में मलमास मेले में सभी सुविधाएँ मुहैया करायी थी तो 3 करोड़ से अधिक लोग यहाँ आये थे। बौद्ध धर्म से जुड़े स्थलों वेणुवन का विस्तारीकरण एवं सौंदर्गीकरण कराया गया है तथा गृद्धकूट पर्वत जाने का रास्ता ठीक कराया गया है। जैन धर्म के भगवान महावीर से जुड़े स्थलों पर जाने के लिए रास्ते बनाये गये हैं। सिख धर्म के गुरु नानक देव जी यहाँ आये थे। यहाँ 'शीतल कुण्ड गुरुद्वारा' बनाया गया है। उन्होंने कहा कि विश्व शांति स्तूप की स्थापना के 55वें वार्षिक समारोह में पधारे सभी लोगों को मैं धन्यवाद देता हूँ। इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए राजगीर बुद्ध विहार सोसायटी को भी धन्यवाद देता हूँ। मुख्यमंत्री ने विश्व शांति स्तूप की परिक्रमा की और भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम को वाइस चेयरमैन, राजगीर बुद्ध विहार सोसायटी तथा चेयरमैन बोर्ड ऑफ डायरेक्टर सी०जी०सी० कंपनी लिमिटेड ऑफ जापान श्री अत्शुहिरो होरीयुची ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत मोमेंटो एवं अंगवस्त्र भेंटकर किया गया। मुख्यमंत्री को परम पावन दलाई लामा के द्वारा भेजे गए उपहार को भेंट किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राजगीर विश्व शांति स्तूप से जुड़े चीफ मांक एंड वाइस चेयरमैन, राजगीर बुद्ध विहार सोसायटी श्री अत्शुहिरो होरीयुची तथा सी०ई०ओ०, सेंटोकू कंपनी लिमिटेड श्री केनसुके होरीयुची को प्रतीक चिह्न एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने विश्व शांति स्तूप, राजगीर के 55वें वर्षगांठ के अवसर पर रोप-वे के निकट नवनिर्मित एकीकृत भवन का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर स्वच्छ राजगीर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जल संसाधन सह प्रभारी मंत्री, नालंदा जिला श्री विजय कुमार चौधरी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री प्रेम कुमार, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार, विधायक श्री कौशल किशोर, विधान पार्षद श्रीमती रीना देवी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव श्रीमती बंदना प्रेयषी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यपदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री मयंक बरबड़े, नालंदा जिला के जिलाधिकारी श्री शशांक शुभकर, नालंदा जिला के पुलिस अधीक्षक श्री भारत सोनी, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक श्री कंवल तनुज, राजगीर बुद्ध विहार सोसायटी की सचिव श्रीमती महाश्वेता महारथी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, बौद्ध भिक्षुगण एवं देश-विदेश से आए प्रतिनिधिगण, अतिथिगण एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## यूनियन के चुनाव में मान्यता हेतु नामांकन मुख्य कार्मिक अधिकारी के समक्ष दाखिल

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** शुक्रवार को पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ द्वारा हाजीपुर मुख्यालय में यूनियन के चुनाव में मान्यता हेतु नामांकन मुख्य कार्मिक अधिकारी के समक्ष दाखिल गया। पुरानी पेंशन व्यवस्था के मांग और युपिएस / एनपिएस के विरोध में पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ, ओबीसी एसोसिएशन और एससी-एसटी एसोसिएशन के साथ संयुक्त गेट मीटिंग का आयोजन भी किया गया। इसमें पूर्व मध्य रेलवे के पाँचों मंडलों (धनबाद, पं. दीनदयाल उपाध्याय, दानापुर, सोनपुर , समस्तीपुर), हरनौत कारखाना व् मुख्यालय हाजीपुर से पूर्व मध्य रेलवे मजदुर संघ और एआईओबीसीआरइए एवं एआईएससीएसटीआरइए के कार्यकर्तागण एवं सभी पदाधिकारीगण उपस्थित हुए। इस अवसर पर भारतीय रेलवे मजदूर संघ के वरीय पदाधिकारी दिलीप चक्रवर्ती एवं पूर्व मध्य रेलवे प्रभारी जे.पी. गुप्ता, बिहार प्रदेश बीएमएस के महामंत्री संजय सिन्हा, एससी-एसटी एसोसिएशन के जोनल महामंत्री पवन कुमार राम, शंभू पासवान, ओबीसी एसोसिएशन के जोनल महामंत्री सुबोध पोद्दार एवं जोनल अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, एससी-एसटी एसोसिएशन के सभी जोनल पदाधिकारीगण, पूर्व मध्य रेलवे मजदुर संघ के महामंत्री सुमन सिंह एवं जोनल अध्यक्ष रविंद्र उपाध्याय, जनरल संगठन मंत्री प्रिय रंजन, दानापुर मंडल मंत्री अशोक कुमार सिंह, सुबोध कुमार शाखा सचिव, प्रशांत कुमार उपाध्यक्ष सहित अन्य लोग थे।

## रालोजपा कार्यालय आवंटन रद्द करने के मामले में हस्तक्षेप करें मुख्यमंत्री : श्रवण

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल ने पार्टी के राज्य कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य कार्यालय का आवंटन रद्द करना भवन निर्माण के के द्वारा नियम संगत नहीं है एवं भवन निर्माण के द्वारा कार्यालय आवंटन रद्द करने का फैसला चुनाव आयोग एवं राज्य कैबिनेट के फैसले के विपरीत है। पार्टी का आवंटन से संबंधित सभी मामला अभी न्यायालय में लंबित है उसके बावजूद भवन निर्माण विभाग के द्वारा चिट्ठी पर चिट्ठी लिखकर न्यायालय के फैसले का इंतजार करने के बजाय किसी के दबाव में पार्टी कार्यालय खाली करने का आदेश दे रहा है जो कहीं से भी न्याय संगत नहीं है। इस मामले में उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आग्रह किया कि वे स्वयं हस्तक्षेप कर पार्टी को न्याय दिलाये। उन्होंने कहा कि 2021 में लोक जनशक्ति पार्टी के विभाजन के बाद रालोजपा को राज्य स्तरीय दल का दर्जा निर्वाचन आयोग से प्राप्त है। राष्ट्रीय प्रवक्ता अग्रवाल ने कहा कि हमारी पार्टी रालोजपा निर्वाचन आयोग और राज्य सरकार और भवन निर्माण विभाग के गाइडलाइन के तहत पटना में कार्यालय चलाने हेतू अधिकार रखती है। उन्होंने आगे कहा कि भवन निर्माण विभाग के द्वारा पूर्व में इस बात का उल्लेख कर हमारे पार्टी का कार्यालय रद्द कर दिया था कि आपकी पार्टी ने कार्यालय का नवीनीकरण नहीं कराया है जबकि माननीय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 31 जुलाई 2024 के राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में सभी पार्टियों के कार्यालय के लिए नवीनीकरण कराने की नीति को समाप्त कर दिया गया था। भवन निर्माण विभाग के द्वारा आज हमारे पार्टी कार्यालय को एक पत्र प्राप्त कराया गया जिसमें इस बात का उल्लेख किया गया है कि राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के कार्यालय पर अवैध कब्जा है जो पूरी तरह से दुर्भावना से ग्रसित है एवं हास्यस्पद है जबकि 2021 में पार्टी के टूटने के बाद अबतक चार साल होने चले राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के नाम से कार्यालय से हमलोग चला रहे हैं जिसकी जानकारी हमारी पार्टी द्वारा पत्र के माध्यम से भवन निर्माण विभाग को समय समय पर अवगत भी कराया जा रहा है। विगत साढ़े तीन साल तक भवन निर्माण के विभाग के नाक के नीचे हमारी पार्टी का कार्यालय चल रहा है यह विभाग को नही दिखा अब किसी खास राजनीति दल के दवाब में एक पार्टी को आवंटित किया गया और हमें अवैध बताया जा रहा है। इस अवसर पर पार्टी के कार्यालय प्रभारी राजेन्द्र विश्वकर्मा, राधाकान्त पासवान सहित अन्य नेता मौजूद थे।

## माननीय मंत्री श्री जयंत चौधरी ने वर्ल्डस्किल्स 2024 के विजेताओं को किया सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** श्री जयंत चौधरी, माननीय राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मत्रांलय तथा राज्य मंत्री, शिक्षा मंत्रालय ने आज वर्ल्डस्किल्स 2024 प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया, जिसका आयोजन हाल ही में फ्रांस के ल्योन में किया गया था। उन्होंने आठ पैरालिम्पिक विजेताओं (प्रवीण कुमार, अजीत सिंह यादव, शरद कुमार, प्रणव सूरमा, सिमरन शर्मा, रूबीना फ्रैंकिस, राकेश कुमार, प्रीथि पाल) को भी सम्मानित किया, जो 19 वर्ल्डस्किल्स विजेताओं के सम्मान समारोह में मौजूद रहे और सख्त विश्वस्तरीय मानकों पर खरे उतरते हुए विजयी हुए। वर्ल्डस्किल्स ल्योन 2024 की भारतीय टीम के पदक एवं उत्कृष्टता पदक विजेताओं से बात करके बहुत अच्छा लगा। इन सभी खिलाड़ियों ने ज़बरदस्त आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया और देश के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं। ल्योन में भारत का परफोर्मेन्स शानदार रहा, देश ने चार कांस्य पदक सहित 16 सम्मान अपने नाम किए, यह भारत को कौशल की दृष्टि से दुनिया की राजधानी बनाने के हमारे लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उद्योग जगत में कुशल कार्यबल की बढ़ती मांग के साथ स्किल बेंचमार्किंग पर चर्चा भी तेज़ हो रही है। अब हमारे पास ऐसी टीम है जिसने सबसे सख्त विश्वस्तरीय मानकों पर खरा उतरते हुए ल्योन में बेहतरीन परफोर्मेन्स दिया।' श्री जयंत चौधरी ने कहा। पेरिस 2024 के नौ पैरालिम्पिक विजेताओं को भी इस अवसर पर सम्मानित करते हुए माननीय मंत्री जी ने कहा, ''कड़ी मेहनत से हम किसी भी चुनौती से निपट सकते हैं। पेरिस 2024 में पैरालिम्पिक टीम की असाधारण उपलब्धियां हमारा उत्साह बढ़ाती हैं, जिन्होंने इतनी मुश्किलों के बीच 29 पदक अपने नाम किए।' श्री चौधरी ने कहा। माननीय मंत्री श्री जयंत चौधरी जी ने कहा कि वर्ल्डस्किल्स की उपलब्धियों पर भी हमें उतना ही गर्व होना चाहिए, जितना कि हम ओलम्पिक में जीत पर गर्व महसूस करते हैं। जिस तरह से हम विश्वस्तरीय मंच पर हमारे एथलीट्स की सफलता का जश्न मनाते हैं, ठीक उसी तरह हमें अपने वर्ल्डस्किल्स चैम्पियनों को भी सम्मानित करना चाहिए। उनके साथ मिलकर जश्न मनाना चाहिए, उनसे सीखना चाहिए, क्योंकि ये हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि आपके समर्पण के साथ आपकी जीत ने हमारे मिशन को और अधिक आसान बना दिया है, विश्वस्तरीय कौशल मानचित्र पर भारत के विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। एनएसडीसी की ब्राण्ड अम्बेसडर प्रीति पाल भी इस अवसर पर मौजूद रहीं। उन्होंने पैरालिम्पिक्स में भारत का पहला पैरा-एथलेटिक्स पदक -पेरिस के 2024 गेम्स में वुमेन्स 100 मीटर टी35 रेस में कांस्य जीतकर इतिहास रचा है। भारत ने ल्योन में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। भारतीय टीम ने पेटीसरी एण्ड कन्फेक्शनरी, इंडस्ट्री 4.0, होटल रिसेप्शन और रीन्यूएबल एनर्जी में चार कांस्य पदक अपने नाम किए हैं। इन विजेताओं में अश्विथा पालिस, धुरमिल कुमार, धीरेन्द्र कुमार गांधी, सत्यजीथ बालाकृष्णन, जोएथिर आदित्य कृष्ण प्रिया रवि कुमार और अमरेश कुमार साहु शामिल हैं। इन जीतों के अलावा भारत ने 12 उत्कृष्टता पदक भी जीते हैं और विभिन्न क्षेत्रों में देश के कौशल और इनोवेशन का प्रदर्शन किया है। 70 से अधिक देशों के साथ मुकाबला करते हुए भारतीय टीम की सफलता उन्हें मिले प्रशिक्षण एवं उद्योग जगत के समर्थन की पुष्टि करती है। माननीय मंत्री जी ने वर्ल्डस्किल्स के चार कांस्य पदक विजेताओं को रु 6 लाख का नकद पुरस्कार दिया, उन्हें प्रशिक्षित करने वाले हर विशेषज्ञ को रु 2 लाख के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 12 उत्कृष्टता पदक विजेताओं को रु 2 लाख के पुरस्कार से तथा उन्हें प्रशिक्षित करने वाले प्रत्येक विशेषज्ञ को रु 1 लाख के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## चापलूसों को लालू जी के लिए 'भारत रत्न' नहीं, 'विश्व रत्न ' की माँग करनी चाहिए : प्रभाकर मिश्र

नई सोच एक्सप्रेस

» लालू जी की चापलूसी करनेवालों ने पार की सारी हदें

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद को भारत रत्न देने की मांग पर करारा तंज कसते हुए कहा कि लालू प्रसाद देश-दुनिया में अपने भ्रष्टाचार के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने भ्रष्टाचार का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इसलिए लालू प्रसाद को को 'भारत रत्न' नहीं, 'भ्रष्टाचार रत्न' के सम्मान से सम्मानित किया जाना चाहिए। श्री मिश्र ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राजद में अंध भक्तों का जमावड़ा है। चापलूसी अपनी पराकाष्ठा पर है। चापलूसी करनेवालों को राजद प्रमुख से इनाम भी मिलता रहा है, यही वजह है चापलूसी में नंबर वन का स्थान पाने के लिए लोग अपनी बेवकूफी का प्रदर्शन करते हुए कुछ से कुछ मांग कर बैठते हैं। ऐसे चापलूसों को दो कदम आगे बढ़कर लालू के लिए 'भारत रत्न' नहीं, 'विश्व रत्न' की मांग करनी चाहिए। श्री मिश्र ने कहा कि लालू प्रसाद के लिए भारत रत्न की मांग कर लोग इस सर्वोच्च सम्मान का अपमान कर रहे हैं। लालू के कारनामे ने बिहार को बदनाम करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। मुख्यमंत्री से लेकर रेलमंत्री के रूप में लालू ने सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार ही किया है। पशुओं का चारा खा जाने और सड़क निर्माण का अलकतरा पी जाने से भी लालू प्रसाद जी का पेट नहीं भरा, तो नौकरी के बदले गरीबों की जमीन हड़प ली। ऐसे भ्रष्ट नेता के लिए भारत रत्न की मांग करना मानसिक दिवालियापन को दर्शाता है।

## लालू ने सामाजिक न्याय की आड़ में अकूत संपत्ति अर्जित की और पत्नीवाद, बेटावाद को बढ़ावा: नवल

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** जदयू के प्रदेश प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा कि लालू प्रसाद जैसा संत व्यक्तित्व जिसे अनाज के बजाय चारा जैसा शुद्ध सात्विक आहार पसंद है उन्हें भारत रत्न ही नहीं बल्कि विश्व रत्न मिलना चाहिए। वो गरीबों के ऐसे मसीहा हैं जिसने नौकरी के नाम पर गरीबों से उनकी जमीन लिखवाकर उन्हें खेती बाड़ी के तमाम झंझटों से मुक्त कर दिया, पिछड़ावाद का नारा देकर पूरा चारा गटक लिया, जंगलराज कायम कर माफियों और गुंडों को रोजगार दिया जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई, सामाजिक न्याय की आड़ में अकूत संपत्ति अर्जित की और पत्नीवाद, बेटावाद को बढ़ावा दिया। असंख्य उपलब्धियां उनके नाम हैं। लालू प्रसाद का पूरा परिवार स्वतंत्रता सेनानियों का परिवार है जिनके दरवाजे पर ईडी, आईटी और सीबीआई जैसी संस्थाएं हमेशा मत्था टेकने पहुंचती हैं। ऐसे महान व्यक्ति के लिए भारत रत्न भी बहुत छोटा है।

हर खबर पर पैनी नजर
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### वैशाली के गोरोल में सुधा डेयरी शहद/मधु उत्पादन किसानों के आर्थिक उत्थान के लिए खरीद बिक्री प्लेटफार्म एफ पी ओ का हुआ शुभारंभ

» किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध उत्पादक संघ एवं नेशनल दुग्ध विकास डेयरी हर संभव मदद को तैयार



**पटना**। शुक्रवार को वैशाली जिला के गोरौल प्रखण्ड के कटरमाला ग्राम में गठित वैशाली शहद/मधु उत्पादक सहकारी समिति लि॰, के व्यावसायिक लेन-देन का विधिवत शुरुआत पटना डेयरी प्रोजेक्ट के अध्यक्ष संजय कुमार एवं प्रबंध निदेशक रूपेश राज तथा राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के वरीय प्रबंधक डॉ॰ आशुतोष सिंह एवं प्रबंधक डॉ॰ पदमवीर सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संघ के नेताओं ने कहा कि किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध उत्पादक संघ एवं नेशनल दुग्ध विकास डेयरी हर संभव मदद को तैयार है। कार्यक्रम में बताया गया की वैशाली जिला में हनी एफ पी ओ का गठन भारत सरकार के 10000 एफ पी ओ के गठन और संवर्द्धन योजना के तहत की गई ह।इस एफ पी ओ का कार्य क्षेत्र पूरा वैशाली जिला है। एफ पी ओ के गठन से जिले के किसानों को अपने उत्पादों का खरीद विक्री करने के लिए प्लेटफॉर्म मिलेगा जिससे उन्हें अपने उत्पाद का उचित कीमत मिलेगी एवं समय समय पर वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड एवं इम्प्लीमेंटिंग एजेंसी नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के तरफ से प्रशिक्षण तथा तकनीकी मार्गदर्शन भी मिलेगा इससे जिले के किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ होगी।इस मौके पर वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध संघ के प्रबंधक संग्रहण डॉ॰ अजय कुमार राय, अमित कुमार पंडित, अवधेश चौधरी, डॉ संजय, शिबू कुमारी एवं एफ पी ओ के अध्यक्ष शिव बसंत कुमारी तथा सभी सदस्य उपस्थित थे।

### हुबली-मुजफ्फरपुर एवं एसएमवीटी बेंगलुरू-दानापुर के मध्य चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

**हाजीपुर**। दीपावली एवं छठ पूजा में यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन को देखते हुए पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों से लगभग 122 जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसके अलावा लगभग 42 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें ऐसी भी हैं जो पूर्व मध्य रेल के स्टेशनों से गुजरती हैं । इसी क्रम में इसके अलावा पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते हुबली-मुजफ्फरपुर एवं एसएमवीटी बेंगलुरू-दानापुर के मध्य एक-एक जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । गाड़ी संख्या 07373 हुबली-मुजफ्फरपुर पूजा स्पेशल हुबली से 27.10.2024 को 17.20 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए दूसरे दिन 16.00 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 07374 मुजफ्फरपुर-हुबली पूजा स्पेशल 30.10.2024 को मुजफ्फरपुर से 13.15 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए दूसरे दिन 10.30 बजे हुबली पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 06235 एसएमवीटी बेंगलुरू-दानापुर पूजा स्पेशल 03.11.2024 को एसएमवीटी बेंगलुरू से 23.00 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए दूसरे दिन 16.30 बजे दानापुर पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 06236 दानापुर-एसएमवीटी बेंगलुरू पूजा स्पेशल 09.11.2024 को दानापुर से 08.05 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए दूसरे दिन 07.30 बजे एसएमवीटी बेंगलुरू पहुंचेगी । यात्रीगण एनटीईएस द्वारा रेल परिचालन से जुड़ी अद्यतन जानकारी प्राप्त कर सकते हैं ।

### सोनपुर मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता आधारित रेल चौपाल का आयोजन

**हाजीपुर**। स्वच्छता अभियान 4.0 के तहत सोनपुर मंडल के सोनपुर, हाजीपुर,मुज़फ़्फ़रपुर,बरौनी ,बेगूसराय ,खगड़िया ,मानसी सहित विभिन्न रेलवे स्टेशन पर स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा स्वच्छता पर आधारित रेल चौपाल का आयोजन किया जा रहा है । रेल चौपाल के माध्यम से रेलवे यात्रियों से सीधा संवाद किया जा रहा है और साफ सफाई को लेकर उनका फीडबैक लिया जा रहा है और स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है किया। इस दौरान अधिकांश रेल यात्रियों ने रेलवे के प्रयासों को सराहा और स्वच्छता के लिए उठाए गए कदमों के प्रति संतुष्टि जाहिर की और स्वच्छता को लेकर अपने बहुमूल्य सुझाव भी दिए।

### नगर परिषद् खगौल में दीपावली और महापर्व छठ की तैयारी को लेकर बैठक



**दानापुर**। नगर परिषद् खगौल की साधरण बोर्ड के बैठक में मुख्य पार्षद सुजित कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। बैठक नगर परिषद् खगौल क्षेत्रान्तर्गत दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर विशेष साफ-सफाई उपलब्ध कराने एवं दीपावली व छठ पूजा में उपहार स्वरूप नियमति कर्मियों और सेवानिवृत कर्मियों का महंगाई भत्ता वृद्धि के लिए विचार विमर्स किया गया। इसकी जानकारी देते हुए नगर अध्यक्ष श्री सुजीत कुमार ने बताया कि आगामी दीपावली और छठ महापर्व को लेकर वार्डों एवं छठ घाटों को विशेष साफ सफाई के लिए सभी वार्ड पर्षादों ने अपना सहमति प्रदान किये है। सभी वार्ड में मौजूद नाला, रोड एवं अन्य जगहों पर विशेष अभियान चलाकर सफाई की जाएगी। वहीं जयराम बाजार चीक टोली में मांस बेचने वालों को दुकान बंद रखने व वहां सफाई करने की भी बात की गई।इस के लिए खगौल थाना को एक पत्र के माध्यम से कार्यवाही के लिए सूचित करने की सिफारिस की गई है। इसके अलावा दीपावली व छठ पूजा में उपहार स्वरूप नियमति कर्मियों को 9 फीसदी और सेवानिवृत कर्मियों को 16 फीसदी महंगाई भत्ता वृद्धि के लिए विचार विमर्स किया गया है। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी अभिनव कुमार, नगर प्रबंधक कंचन कुमारी, प्रधान सहायक मनोज कुमार, वार्ड पार्षद सुजाता देवी, रिंकू कुमारी, पिंटू कुमार, प्रशांत कुमार सिंह, महेन्द्र सिंह, पुष्पा देवी, आरती कुमारी, सरीता शर्मा मौजूद थे।

### सीएबी रेड ने जीता डॉ परमेश्वर दयाल मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब



**पटना**। क्रिकेट एकेडमी ऑफ बिहार रेड ने डॉ परमेश्वर दयाल मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट टूनार्मेंट का खिताब अपने नाम कर लिया है। फाइनल मुकाबले में सीएबी रेड ने स्कूल ऑफ क्रिकेट पटना को 114 रन के भारी अंतर से पराजित किया।टॉस सीएबी रेड ने जीता और पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 25 ओवर में नौ विकेट पर 189 रन बनाये। शिवम ने 76 रन की शानदार पारी खेली। कुणाल ने 13, रिशित ने 21 रन बनाये। अभिनव ने 2 और गिरिश ने भी 2 विकेट चटकाये।जवाब में स्कूल ऑफ क्रिकेट पटना की टीम 18.3 ओवर में 75 रन पर ऑल ऑउट हो गई। सदन ने 16 और अगस्त्या ने 13 रन बनाये। निकेश और प्रत्यूष ने दो-दो विकेट चटकाये। निकेश को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। खिलाड़ियों को पटना की मेयर सीता साहू, उप मेयर रेशमी चंद्रवंशी और पटना नगर निगम सशक्त समिति के सदस्य वार्ड पार्षद इंद्रवंशी चंद्रवंशी और सूरज ने पुरस्कृत और सम्मानित किया। सबों का स्वागत सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के महासचिव नवीन कुमार ने किया जबकि सबों का धन्यवाद व्यक्त सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के संस्थापक संतोष तिवारी ने किया। समारोह का संचालन उद्घोषक संदीप पाटिल ने किया। सारे पुरस्कार राइज कोचिंग आईआईटी जेईई के द्वारा प्रदान किया गया।

# दिवाली पर बिहार के कारीगरों के बनाए गए दीयों से रोशन होंगे घर

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। दिवाली के शुभ अवसर पर, बिहार के कुशल कारीगरों द्वारा निर्मित पारंपरिक दीये न केवल घरों को रोशन करेंगे, बल्कि स्थानीय हस्तशिल्प को भी एक नई पहचान देंगे। बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गांधी मैदान, पटना स्थित खादी मॉल में बिहार के कुशल कुम्हारों के हाथ से बनाए गए दीये उपलब्ध करवाए गए हैं, जो विभिन्न रंगों, आकारों और डिज़ाइनों में उपलब्ध हैं। ये दीये मिट्टी, रंग-बिरंगी पेंटिंग और पारंपरिक कलाकारी के साथ बनाए गए हैं, जो हर घर की खूब रौनक बढ़ाएंगे। दीयों के साथ हाथ से बनी मोमबत्तियाँ भी खादी मॉल, पटना में उपलब्ध हैं। ये मोमबत्तियाँ बिहार की महिला उद्यमियों द्वारा तैयार की गई हैं। बरौनी ज़िले की रोली देवी अलग-अलग आकार और डिज़ाइन में हस्तनिर्मित मोमबत्तियों को तैयार कर खादी मॉल के माध्यम से उन्हें बिक्री कर पाने में सक्षम हो रही हैं। इनके बनाए मोमबत्तियों को ग्राहक ख़ूब पसंद कर रहे हैं। दीयों और मोमबत्तियों के साथ स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित मिट्टी के बर्तन, चूल्हा-चुकिया, गया के पत्थरकट्टी जिले की प्रसिद्ध लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियाँ और दिवाली विशेष सजावटी वस्तुएं जैसे घरौंदा, तोरण, रंगोली मेकर इत्यादि भी उपलब्ध हैं। ये वस्तुएं बिहार के स्थानीय संस्कृति और शिल्पकला को दर्शाती हैं। इस दिवाली, स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील करते हुए बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी निखिल धनराज निप्पणीकर ने कहा कि बिहार के कारीगरों के बनाए उत्पादों से अपने घरों को सजाने का संकल्प लें। इससे हमारी स्थानीय कला का सम्मान होगा और कारीगरों को त्योहार के समय प्रोत्साहन मिलेगा। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस दिवाली बिहार के कारीगरों के दीयों की खरीददारी करें और अपने घरों को रोशन करें। बिहार खादी निरंतर हस्तशिल्प और हस्तकला को बढ़ावा देकर बिहार के कलाकारों और उद्यमियों को पहचान देने में प्रयासरत है।

## पटना जिला रोटरी क्लब द्वारा पोलियो जागरूकता रैली का आयोजन




नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। विश्व पोलियो सप्ताह अभियान के तहत पटना जिला रोटरी द्वारा पोलियो जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली रेड क्रोस भवन, गांधी मैदान से प्रातः 6:30 बजे शुरू होकर ज्ञान भवन, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एलएचओ होते हुए जे पी गोलम्बर तक गया।इस रैली में पटना के विभिन्न रोटरी क्लब के लगभग 100 सदस्य शामिल थे। कार्यक्रम में रोटरी डीजी विपिन चाचान ने रैली का नेतृत्व किया। रैली डिस्ट्रीक्ट चेयर जे पी तोदी के संयोजन में हुई।एम पी जैन ने बताया कि रैली में पीडीजी रोटेरियन राकेश कुमार , डीजीइलेक्ट नम्रता, प्रवीण शर्मा, राज किशोर सिंह, किशोर कुमार, डॉ विनीता त्रिवेदी, स्वाति मोदी, वंदना सिन्हा, शंकर नाथ, व पटना के सभी क्लब अध्यक्ष अपनी टीम के साथ मौजूद थे। मौके पर रैली डिस्ट्रीक्ट चेयर जे पी तोदी ने बताया कि पोलियो का प्रकोप दुबारा न हो इस के लिये रोटरी इन्टरनेशनल के आह्वान पर पटना के सभी रोटरी क्लब ने मिल कर इस रैली का आयोजन किया।

# बिहार महिला उद्योग संघ ने किया दिवाली मेला - 2024 का शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। बिहार महिला उद्योग संघ की ओर से पटना के राजीव नगर स्थित देव दरबार विवाह भवन में दिवाली मेला - 2024 का शुभारंभ किया गया। मेला का उद्घाटन केवीआईसी के निदेशक एच एम मेवाती, एमएसएमई डीएफओ पटना के सहायक निदेशक संजीव आजाद, ओम शिवा टेस्ट हाउस के सीईओ प्रत्युष पुष्कर, बिहार विद्यापीठ के सीओओ प्रमोद कर्ण व बिहार महिला संघ की अध्यक्ष उषा झा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। आगत अतिथियों ने इस कार्यक्रम के लिए बिहार महिला उद्योग संघ को अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बिहार महिला संघ की अध्यक्ष उषा झा ने कहा कि इस मेले का मुख्य उद्देश्य छोटे - छोटे उद्यमियों जो दिवाली का दिया, तोरण, रेडीमेड रंगोली व दिवाली के डिज़ाइनर आइटम्स आदि बनाते हैं उन्हें बाजार एवं नेटवर्किंग की सुविधा उपलब्ध कराना हैं ताकि उन्हें आत्मनिर्भरता के साथ अपने वस्तुओं को बेचने की कला भी आ सके। उन्होंने बताया कि 25 से 27 अक्टूबर तक चलने वाले इस मेले में 40 से अधिक स्टॉल्स लगाए गए हैं जिसमें रेडीमेड वस्त्र, हेंडीक्राफ्ट आइटम्स, दिया, पूजा वस्त्र, तोरण, छठ पूजा के सामान आदि मिलेंगे। मौके पर बिहार महिला उद्योग संघ की मेनका सिन्हा, किरण रंजन, साधना झा, पूर्णिमा रॉय, रुचि चौधरी, अंकिता तिवारी सहित संघ से जुड़ी महिलाएं मौजूद रही।

# रोटरी क्लब द्वारा राजधानी में पोलियो प्रतिरक्षण जागरूकता रैली निकाली गई

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। कदमकुंआ सी डी ए ब्लिल्डिंग के पास से रोटरी क्लब के तत्वावधान में पोलियो प्रतिरक्षण जागरूकता रैली निकाली गई, जो पटना राजधानी के विभिन्न मार्गो से होते हुए वीरचन्द पटेल मार्ग स्थित रोटरी क्लब भवन तक पहुँची। बिहार पोलियो दिवस पर आयोजित इस रैली का शुभारम्भ रोटरी अंतर्राष्ट्रीय मण्डल ( 3250 ) के मण्डल अध्यक्ष विपिन चानन ने हरी झंडी दिखाकर किया। पोलियो समिति के संयोजक, डॉ शंकर नाथ सिंह और कार रैली के संयोजक, विपिन कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। रोटरी क्लब, कंकडबाग, पटना के अध्यक्ष, राजकिशोर सिंह ने कहा कि दो पडोसी देश पाकिस्तान और अफगानिस्तान को छोड़कर सभी देशों ने पोलियो उन्मूलन अभियान में शामिल रहे। आज वह देश पोलियो मुक्त हो गया है। जबकि पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पोलियो संक्रमन फैल रहा है। भारत का प्रयास इस मामले में सफल रहा है। कार्यक्रम में रोटेरियन पूर्व मण्डल अध्यक्ष, डॉ राकेश प्रसाद, सुधांशु प्रकाश, दीप्ति सहाय, मधु प्रकाश, डॉ राकेश कुमार, रवि शेखर, शम्भू नाथ सिंह, अजीत कुमार सिन्हा, नीतीश मिश्रा, बलिराम श्रीवास्तव, निरंजन कुमार और गोविन्द कुमार ( सचिव ) शामिल थे।

## चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान के सौजन्य से 02 नवम्बर को होगा सांस्कृतिक संध्या सह सम्मान समारोह

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना**। चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान के सौजन्य से 02 नवम्बर को सांस्कृतिक संध्या सह सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान के प्रधान सचिव श्री कमलनयन श्रीवास्तव और अध्यक्ष श्री गणेश कुमार सिन्हा ने बताया कि सम्पूर्ण प्राणी-जगत के पाप-पुण्य का लेखा-जोखा करने वाले कलमजीवियों के आराध्य देव, अक्षर देवता भगवान श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव, 2024 की पूर्व संध्या पर चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान, बिहार के तत्वावधान में गिरिराज उत्सव पैलेस, बेलवर गंज, पश्चिम दरवाजा, पटना सिटी में आगामी 02 नवम्बर, 2024 (शनिवार) को 2:00 बजे 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद (लोकसभा) श्री रविशंकर प्रसाद करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बिहार विधान सभा के अध्यक्ष श्री नन्द किशोर यादव, अध्यक्षता ख्यातिनाम चिकित्सक पद्मश्री डॉ. गोपाल प्रसाद सिन्हा करेंगे।विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार के नगर विकास एवं आवास तथा विधि मंत्री श्री नितिन नवीन, महापौर पटना श्रीमती सीता साहु, उप महापौर, पटनाश्रीमती रेशमी चन्द्रवंशी, समाजसेवी श्री राजेश बल्लभ को आमंत्रित किया गया है। श्री कमलनयन श्रीवास्तव और गणेश कुमार सिन्हा ने बताया किइस अवसर पर अनेक राजनेता, कवि, कलाकार, पत्रकार, समाजसेवी व प्रबुद्ध जन भाग ले रहे हैं। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए अनेक कलमजीवियों को नामित सम्मानों, तथा 'चित्रगुप्त सेवा सम्मान' से सम्मानित किया जायेगा इस अवसर पर " कलमजीवी" स्मारिका का लोकार्पण भी किया जायेगा।

## विद्याधर दास ने भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर में उत्पाद रसायन परीक्षक के पद पर योगदान दिया



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार, के नवनिर्मित प्रमंडलीय प्रयोगशाला, भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर के संचालन हेतु गृह जिला दरभंगा, मुंगेर प्रमण्डल एवं पटना में प्रतिनियुक्ति को समाप्त कर भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर में विद्याधर दास को उत्पाद रसायन परीक्षक के पद पर पदस्थापन किया गया, जहाँ उन्होंने पदभार ग्रहण किया। श्री दास का पदस्थापन श्री कृष्ण कुमार, संयुक्त आयुक्त, मद्यनिषेध, बिहार द्वारा किया गया। श्री दास जवाहर नवोदय विद्यालय, लक्खीमपुर, आसम से शिक्षा प्राप्त कर एम॰ एस ॰ सी॰ ( रसायन शास्त्र ) से उत्तीर्ण हुए तदोपरांत वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद - भारतीय पेट्रोलियम संस्थान में परियोजना सहायक के रूप में कार्य किया। राष्ट्रीय योग्यता परीक्षा में दो बार उत्तीर्ण हुए और आई॰ आई॰ टी॰ धनबाद में अनुसंधान विद्वान रह चुके है ।

# प्रोग्राम ऑफिसर प्रियंका को मिला प्रमाण पत्र

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। प्रेम यूथ फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर प्रियंका सिल दिल्ली एवं सौम्य सिंह रावत उत्तराखंड को हैदराबाद में प्रशिक्षण के उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किया गया । प्रियंका ने बताया कि सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से नजदीकियां न बढ़ाये न ही सोशल मीडिया पर निजी सूचना सांझा करे । साइबर फ्रॉड की घटनाओं में काफी बढ़ोतरी हुयी है यह चिंता का विषय है । सेक्स स्टॉर्क्सन , डिजिटल आरेस्ट,चेहरा पहचानों, उपहार का प्रलोभन , नौकरी का झांसा तो कभी वैंकर्स बन कर लोगो के खाते से रुपया उड़ाने की घटना आम हो गई है । अनचाहे लिंक को कभी मत खोले तथा किसी को भी ओटीपी नही बताये । उन्होंने लोगो से अपील किया है कि साइबर ठगी से बचने के लिए पासवर्ड बदलते रहे । वहीं सौम्य सिंह रावत ने बताया कि साइबर सुरक्षा को लेकर फाउंडेशन जन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा । आपके साथ किसी भी प्रकार के साइबर ठगी होती है तो तुरंत पुलिस में शिकायत करे । अनजान लोगो से कभी भी दोस्ती न बढ़ाये । स्कूल कॉलेज में छात्र छात्राओं को जागरूक किया जायेगा ।

# बना रहे सड़कों को सुरक्षितः होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने मुज़फ्फरपुर, बिहार में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान का आयोजन किया

नई सोच एक्सप्रेस

**मुज़फ्फरपुर**। देश में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों को जारी रखते हुए होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने मुज़फ्फरपुर, बिहार में एक प्रभावी सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान का आयोजन किया। यह अभियान ने एसआरटी पब्लिक स्कूल और एक्मे पब्लिक स्कूल से 2000 से अधिक छात्रों और स्टाफ के सदस्यों तक पहुंचा और इसने युवाओं में सड़क के प्रति ज़िम्मेदाराना व्यवहार को बढ़ावा देने के एचएमएसआई के मिशन को आगे बढ़ाया। भविष्य को आयाम देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए, एचएमएसआई बच्चों और युवाओं में सड़क सुरक्षा की आदतों को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। अपने रोचक एवं इंटैक्टिव प्रोग्रमों के माध्यम से कंपनी का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा सड़क के ज़िम्मेदाराना इस्तेमाल को बढ़ावा देना है। अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने के लिए इन अभियानों का आयोजन नियमित रूप से सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों, कॉलेजों और संस्थानों में किया जाता है। मुज़फ्फरपुर सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के तहत सड़क सुरक्षा शिक्षा को व्यापक एवं इंटरैक्टिव बनाने के लिए कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने सैद्धान्तिक सुरक्षित राइडिंग सैशन, खतरे के पूर्वानुमान के प्रशिक्षण, सड़क सुरक्षा क्विज़, हेलमेट जागरुकता सत्र एवं प्रेक्टिकल राइडिंग ट्रेनर में हिस्सा लिया। सड़क सुरक्षा शिक्षा को सूचनाप्रद एवं रोचक बनाने के लिए इनमें से हर गतिविधि का आयोजन किया गया था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस दौरान सीखा गया हर सबक प्रतिभागियों पर गहरी छाप छोड़े। एचएमएसआई एसआरटी पब्लिक स्कूल और एक्मे पब्लिक स्कूल से मिले सहयोग के प्रति आभारी है, जिसने इस पहल को सफल बनाने में योगदान दिया। यह साझेदारी सड़कों को सुरक्षित बनाने और यातायात दुर्घटनाओं को कम करने की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। अपनी शुरूआत के बाद से एचएमएसआई सड़क के ज़िम्मेदाराना उपयोग और सुरक्षित राइडिंग की आदतों को बढ़ावा देते हुए बिहार में तकरीबन 3 लाख व्यस्कों एवं बच्चों को सड़क सुरक्षा शिक्षा प्रदान कर चुकी है। मुज़फ्फरपुर में यह अभियान भारत की सड़कों को सभी के लिए सुरक्षित बनाने के एचएमएसआई के प्रयासों में एक और उपलब्धि है। एचएमएसआई एक ऐसी कंपनी बनने के लिए प्रयासरत है, जिसे समाज प्राथमिकता दे और ऐसे अनूठे विचारों के साथ समाज के सभी वर्गों के लिए सड़क सुरक्षा जागरुकता पर फोकस करती रही है जो स्कूली बच्चों से लेकर कॉर्पोरेट्स तक समाज के हर वर्ग पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करते हैं।

हर खबर पर पैनी नजर
# नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

## ऑर्केस्ट्रा संचालक के चंगुल से दो नाबालिग लड़कियों को छुड़ाया

### पॉस्को एक्ट व अन्य संगीन धाराओं में मामला दर्ज

**छपरा**।जनता बाजार पुलिस, बाल कल्याण समिति व चाइल्ड हेल्प लाइन की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर दो नाबालिग लड़कियों का सुरक्षित छुडाने में सफलता पाई। दोनों नाबालिगों को अलग-अलग ऑर्केस्ट्रा संचालक के आवास से बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से एक ऑर्केस्ट्रा संचालक को गिरफ्तार किया है जबकि दूसरे ऑर्केस्ट्रा ग्रुप का संचालक फरार हो गया। गिरफ्तार ऑर्केस्ट्रा संचालक लहलादपुर गांव का मुकेश प्रसाद बताया गया है। पुलिस ने दोनों नाबालिग लड़कियों के बारे में उनके परिजनों को सूचित किया है। नाबालिग लड़कियों में एक पंजाब के जालंधर की है जबकि दूसरी नाबालिग लड़की कोलकाता के मंगरा हाट की बतायी गयी है। नाबालिगों ने पुलिस को बताया कि ऑर्केस्ट्रा संचालक जबरन अश्लील गानों पर डांस करवाते हैं। अश्लील डांस करने के लिये शारीरिक व मानसिक यातनायें देते हैं। जानकारी के मुताबिक जनता बाजार, नदिया पार आदि जगहों पर संचालित कई ऑर्केस्ट्रा संचालक के आवास पर टीम ने छापा डाला। हालांकि पुलिस टीम की छापेमारी की सूचना पहले ही लीक हो गयी जिससे बड़ी सफलता हाथ नहीं लगी। छापेमारी की सूचना मिलने के बाद अधिकतर संचालकों ने आवास में मौजूद लड़कियों को दूसरे जगह पर शिफ्ट कर दिया था। पुलिस ने पॉस्को एक्ट व अन्य संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## अपर मुख्य सचिव को शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से कराया अवगत



**छपरा**। परिवर्तनकारी प्रारम्भिक शिक्षक संघ के सारण जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपा। जिसमें ओ.डी.एल. डीएलएड के मूल प्रमाण जारी करने के साथ ही विद्यालय संचालन अवधि में परिवर्तन की मांग की गई । शिक्षक नेता ने कहा कि सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों के पास काउंसलिंग के समय डीएलएड के मूल प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं होने के कारण संदेहास्पद की श्रेणी में रखा जा रहा है। इन शिक्षकों का पुनः काउंसलिंग कराया जाएगा परन्तु अब तक उन्हें अपना मूल प्रमाण पत्र प्राप्त नही होने के कारण सभी शिक्षक परेशान है। साथ ही विद्यालय संचालन के संदर्भ में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान विद्यालय संचालन अवधि सुबह दस से शाम चार तक करने के आदेश को लागू करने का अनुरोध किया।

## तीन लाख रंगदारी नहीं देने पर शिक्षकों को पिटाई, दहशत में 15 विद्यालय बंद

### कब रोकेगी ऐसी घटनाएं सरकार

**फतुहा**। भाजपा मीडिया प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा ऐसी घटनाएं रोकने के लिए और कितने इंजन की सरकार चाहिए। रंगदारी नहीं देने पर अपराधियों ने जमुई के चकाई अंतर्गत कल्याणपुर पंचायत के उच्च विद्यालय बसंतपुर में सात शिक्षकों की बेरहमी से पिटाई कर दी गई। बोलेरो बाइक पर सवार 10 संख्या में स्कूल पहुंचे हथियारबंद अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। बताया जाता है कि अपराधियों ने लाठी, डंडे और लोहे के पाइप से शिक्षकों को दौड़ा दौड़ा कर पीटा, घटना के बाद दहशत में कल्याणपुर पंचायत के सभी 15 स्कूल बंद घटना के बाद रहे। घटना के बाद भय से स्कूलों को बंद कर दिया गया।साथ ही दूसरे स्कूल में तबादला करने की मांग को लेकर जिला शिक्षा पर कार्यालय पहुंचे साथ ही कल्याणपुर पंचायत के ग्रामीण और बसंतपुर के छात्राओं पदाधिकारी से मिलने पहुंचे इस दौरान शक्षा राजेश कुमार के नहीं रहने पर शिक्षकों ने डीपीओ सीमा कुमारी को घटना की जानकारी दी। साथ ही साफ शब्दों में कहा कि अपराधी जब तक गिरफ्तार नहीं होंगे वह लोग स्कूल नहीं जाएंगे कार्यालय पहुंचे शिक्षक का आलम यह था कि कोई कैमरे के सामने आना नहीं चाह रहा था एसडीपीओ ने कहा कि अपराधी की पहचान हो चुकी है जल्दी गिरफ्तार होगी। पटना में बेटे के सामने प्रॉपर्टी डीलर को खदेड़ कर गोलियां से छलनी कर दिया। फुलवारी शरीफ के खगौल रोड में नालंदा बिस्कुट फैक्ट्री के नजदीक प्रकाश नगर द्वारका अपार्टमेंट के नीचे बेटे के सामने खदेड़ कर प्रॉपर्टी डीलर अमित को बदमाशों ने गोलियों से छलनी कर दिया। अपराधियों ने घटनास्थल पर पूरी मैगजीन को खाली कर दिया। हद हो गया ऑटो बुक कर रास्ते में चालक से मारपीट कर गाड़ी ले भागे। पीपा फुल निवासी चालक राहुल कुमार ने स्थानीय थाना में पांच अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने सरकार से कहा की अपराध तो अब नहीं की रोक पाइएगा, कम से मृतक को फूल माला चढ़ा कर भगवान के चरणों में जगह दिलवाते रहे।

## जेपी यूनिवर्सिटी में 11-22 नवंबर तक भरा जाएगा स्नातक फॉर्म



**छपरा**। जेपी यूनिवर्सिटी के स्नातक सत्र 2021-24 और 2022-25 के सत्र में परीक्षा फॉर्म भरने का आदेश जारी कर दिया गया है। विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग द्वारा नोटिफिकेशन जारी करते हुए सभी संबंधित कॉलेज में सूचना भेज दिया गया है। दोनों सत्रों के लिए परीक्षा फॉर्म नवंबर माह में भरा जाएगा। दोनों सत्र लगभग डेढ़ से दो वर्ष पीछे चल रहे है। छात्र छात्राओं को लंबे समय से परीक्षा का इंतजार था। दिसंबर के प्रथम सप्ताह में दोनों परीक्षा आयोजित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। छठ पूजा के छुट्टी के बाद परीक्षा विभाग परीक्षा के तैयारी में जुट जाएगा। परीक्षा नियंत्रक डॉ अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि सत्र 2021 के लिए 11 से 22 नवंबर तक और सत्र 2022 के लिए 12 से 24 नवंबर तक फॉर्म भरने की तिथि निर्धारित की गयी है। सभी कॉलेजों को नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। वहीं नोटिस बोर्ड पर भी सूचना प्रकाशित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि दिसंबर के प्रथम सप्ताह में एक साथ दोनों सत्रों की परीक्षा आयोजित करायी जायेगी। छठ पूजा का अवकाश समाप्त होने के बाद परीक्षा की तैयारी भी शुरू कर दी जायेगी।

## मुखिया ने किया छठ घाट का निरीक्षण



**सुगौली**। प्रखंड के भटहा पंचायत के मटवाघाट मुशहरी टोली में छठ घाट का निरीक्षण पूर्व प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष चुनचुन सिंह व मुखिया राजू देवी ने किया।पूर्व प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि घाट की साफ सफाई जल्द करा दी जाएगी।घाट पर जाने के लिए सड़क को ठीक किया जाएगा,ताकि किसी भी छठव्रतियों को कोई दिक्कत नही हो।घाट पर लाइट की व्यवस्था जरूरी है।छठ घाट पर सिरसोपाता का रंग रोगन कराया जाएगा। महादलित बस्ती के भारी संख्या में महिलाएं छठ व्रत करती है।घाट से नदी किनारे जाने के लिए समुचित व्यवस्था की जाएगी।छठ घाट पर पूजा के पूर्व सजावट कराई जाएगी।छठ व्रतियों को मेरे द्वारा समुचित मदद की जाएगी।मौके पर धूमन मांझी, जगन मांझी, भिखारी मांझी, गौरी मांझी, शिवनाथ यादव, दीपक दास, मोतीलाल मांझी सहित कई मौजूद थे।

# छपरा सदर अस्पताल का एसडीएम व डीडीसी ने किया औचक निरीक्षण

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा**। छपरा सदर अस्पताल में कुव्यवस्था को लेकर मरीज की शिकायत पर सदर एसडीएम लक्ष्मण तिवारी व डीडीसी कुमार यतेंद्र कुमार पाल औचक निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने अस्पताल की कमियों को एक सप्ताह के अंदर दुरुस्त करने की सख्त हिदायत दी। उस दौरान उन्होंने ओपीडी, ऑक्सीजन प्लांट, इमरजेंसी, दवा काउंटर आदि विभागों की गहनता से जांच की। ओपीडी में मरीज की शिकायत पर डेंटल व ऑर्थो विभाग में जाकर चिकित्सक से जानकारी ली।इसके बाद साफ-सफाई व नालों की समुचित व्यवस्था को लेकर अस्पताल प्रबंधक राजेश्वर प्रसाद को इन व्यवस्थाओं को जल्द सही करने का निर्देश दिया। पूरे अस्पताल परिसर में इमरजेंसी से लेकर ओपीडी तो कचरे का अंबार देखा गया,कहीं पर भी साफ सफाई की व्यवस्था सही नहीं पाई गई। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को साफ-सफाई को लेकर प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने का भी निर्देश दिया। परिसर में लगे जल जमाव व उसमें पड़े कीड़ों को देखकर नाराजगी जताई, वही ऑक्सीजन प्लांट में जाकर वार्डो मे होने वाले सप्लाई की व्यवस्था पर जानकारी ली। इसके साथ ही ऑक्सीजन प्लांट में लगातार चोरी की घटना से बचने के लिए नियमित तौर पर गार्ड की प्रतिनियुक्ति का भी निर्देश दिया।

## झारखंड के हंटरगंज से शराब से भरी कर को पुलिस ने किया ज़ब्त



नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद**। नगर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पटना-गया रोड स्थित भागीरथ बिगहा के बाईपास के समीप पटना की ओर जा रही एक कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार चालक अभय कुमार भोजपुर जिले के चांदिल थाना अंतर्गत फरहंगपुर का रहने वाला है जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। सभी बरामद शराब झारखंड निर्मित बतायी जाती है। यह शराब की खेप पटना के खेमनिचक मे डिलीवरी होनी थी। एस.डी.पी.ओ राजीव कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जहानाबाद बाईपास के रास्ते एक हुंडई कार गुजरने वाली है। जिस पर भारी मात्रा में शराब ले जायी जा रही है। चालक के मोबाइल से कई राज खुलने की संभावना है। बरामद शराब की कीमत करीब पाँच लाख से ऊपर बतायी जाती है। दूसरी ओर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर काको मोड़ के समीप से भारी मात्रा में शराब बनाने के लिए शराब तस्कर द्वारा पिकअप वैन के तहखाना में ले जाये जा रहे 280 लीटर स्पीरिट भी पुलिस ने बरामद किया।

## श्रीराम कथा कलयुग के हर पापों से करती है मुक्त



नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा**। श्रीराम कथा कलयुग के हर पाप और दोषों से मुक्त करने वाली है। राम कथा कामधेनु के समान मनवांछित फल को देने वाली है, कलयुग में श्री राम की कथा मोह, अज्ञान रूपी महिषासुर का वध करने वाली माता दुर्गा के समान है इसलिए संत कहते हैं सत्संग करो भजन करो ताकि जीवन जीने में कोई कठिनाई न हो। राम की कथा भजन से ज्यादा सुख और कहीं नहीं मिल सकता उक्त बातें मिथिला धाम से पधारे हुए कथावाचक राजेश शास्त्री अमनौर प्रखंड के सराय बक्स में चल रहे विराट विष्णु महायज्ञ के दौरान कही। वहीं पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी ने कहा कि भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और मां जानकी के जीवन से हम सभी को सीखने के मिलता है कि जीवन में परिवार में और राष्ट्र में मनुष्य का क्या कर्तव्य और दायित्व होता है। यज्ञ में प्रतिदिन यज्ञशाला परिक्रमा,मूर्ति पूजा,पंचमुखी हनुमान जी का पूजन, प्रवचन और रासलीला में श्रद्धालुओं की भीड़ काफी संख्या में उमड़ रही है । मेला में भी दूर-दराज से बच्चे और महिलाओं की भीड़ दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। श्रीधर बाबा के शिष्य मुरारी स्वामी ने बताया कि पूज्य गुरुदेव श्रीधर बाबा के कर कमलों द्वारा 97 वाँ महायज्ञ भव्य तरीके से की जा रही है।

# एसपी ने किया सोनपुर मेला क्षेत्रों का जायजा,दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा**। आगामी कार्तिक मास में लगने वाले विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला-2024 से संबंधित मेला क्षेत्रों का एसपी ने जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान अनुमंडल दंडाधिकारी, सोनपुर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सोनपुर भी रहें मौजूद । पुलिस अधीक्षक द्वारा पहलेजा थाना एवं हरिहरनाथ थाना क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकरी एवं अंचल पुलिस निरीक्षक उपस्थित रहे। उक्त थाना के निरीक्षण के दौरान थाना भवनों के साथ ही थाना के सभी अभिलेखों एवं पंजीयों की जाँच कर अभिलेखों व पंजीयों के संधारण में मिली त्रुटियों के सुधार करने, लंबित कांडो का समीक्षा कर त्वरित निष्पादन करने एवं थाना में साफ-सफाई रखने सहित कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही महिला हेल्प डेस्क में प्रतिनियुक्त महिला पुलिस पदाधिकारी/कर्मी को महिला परिवादी से शालिनता पूर्वक व्यवहार करने तथा उनके समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक विधि-सम्मत कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया गया। थाना निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा कार्तिक पूर्णिमा स्नान से प्रारंभ हो कर अगले एक माह तक चलने वाली आगामी हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला-2024 के दृष्टिगत् मेला क्षेत्रों, पहलेजा घाट, हरिहरनाथ थाना क्षेत्र एवं स्नान घाटों का निरीक्षण किया गया। मेला के दौरान श्रद्धालुओं के सुविधा व सुरक्षा हेतु, मेला के दौरान भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन, घाटो को बैरीकेडिंग व एनडीआरएफ टीम की तैनाती, पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति का जायजा लिया गया एवं इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## भागवत विद्यापीठ छपरा में शुरु हुआ छह दिवसीय स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण



नई सोच एक्सप्रेस

» विद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अमरेन्द्र सिंह ने ध्वजारोहण कर किया शिविर का उद्घाटन

**छपरा**। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा सारण के निर्देश पर प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भागवत विद्यापीठ छपरा में किया गया है।जिसमें जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा सारण के द्वारा शिविर प्रधान के रूप में इस्लामिया उच्च विद्यालय के शिक्षक एवं जिला आयुक्त स्काउट अरुण परासर एवं गाइड में उच्च माध्यमिक विद्यालय बकवा पानापुर की शिक्षिका सह संयुक्त जिला सचिव डॉ० सुषमा सिंह को नियुक्त किया गया है।शिविर में भाग लेने वाले स्काउट गाइड को प्राथमिक चिकित्सा,गांठ विद्या,ध्वज शिष्टाचार,ड्रिल,सफाई, व्यायाम,सीटी संकेत,खेल व ताली आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। उद्घाटन समारोह में विद्यालय के प्राचार्य डॉ० अमरेन्द्र सिंह ने कहा कि आज के परिवेश में बच्चों में स्काउटिंग गाइडिंग की शिक्षा बहुत ही जरूरी है,स्काउटिंग शिक्षा बच्चों को स्वालंबन व अनुशासन के साथ साथ देश प्रेम की भावना का विकास करता हैं।वहीं विद्यालय के प्राचार्य संदीप पाण्डेय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड से बच्चों में शारीरिक,मानसिक और नैतिक विकास होता है।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सर्वेश कुमार, जेपी सिंह,मुस्कान, तरुण सर आदि उपस्थित थे।

## एसडीएम ने नगर पंचायत कार्यालय का किया गहन जांच,कर्मियों में रही अफरातफरी की स्थिति

नई सोच एक्सप्रेस



**सुगौली**। जिलाधिकारी कार्यालय के आदेशानुसार सदर अनुमंडल पदाधिकारी स्वेता भारती ने शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय का कई बिंदुओं पर गहन जांच किया।करीब तीन घंटे तक चली जांच में एसडीएम श्री भारती ने नप के कार्यपालक पदाधिकारी,जेई,प्रधान सहायक,अन्य कर्मियों से पूछताछ की।साथ हीं नप के मुख्य पार्षद नसरीन अली से दो बार पूछताछ किया।जांच में नप के पदाधिकारी और कर्मियों की उपस्थिति,कर्मियों की नियुक्ति एवम भुगतान,कार्यालय की संचिकाएँ और अभिलेख,कार्यालय की साफ-सफाई,सिडब्लूआईओएमसी,डेंगू से रोकथाम की कार्रवाई,दवाओं का छिड़काव फोगिंग की स्थिति,राजस्व संग्रह की स्थिति,स्ट्रीट लाइट की स्थिति और रख-रखाव,सीएम समग्र शहरी विकास योजना,ट्रैफिक और अतिक्रमण की स्थिति,सफाई की निविदा की वैधानिकता एवम एकरारनामा कानून,वाहन मरम्मती व्यय,योजनाओं में अग्रिम की स्थिति आए और लैंडफिल के लिए स्थल चयन की स्थिति पर पूछताछ एवम पूरी जानकारी ली गई।इस बीच पूरे कार्यालय में अफरातफरी की स्थिति रही।सभी कर्मी पूरे एलर्ट पर थे।कार्यालय समय पर कई कर्मी नही पहुंचे थे जो एसडीएम के आने की सूचना पर घंटों बाद भागे-भागे आये।वही जांच के सम्बन्ध में एसडीएम श्री भारती ने बताया कि जांच में कई बिंदुओं पर अनियमितता पाई गई।वाहन का लोग बुक की जांच की गई।कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा सरकारी वाहन का दुरुपयोग किया जाता है।सप्ताह में दो से तीन दिन आते है वह भी कार्यालय समय पर नही आते हैं।कार्यालय के कामों में कर्मियों की अनियमितता पायी गई। उन्होने बताया कि सभी बिंदुओं पर गहन जांच की गई जिसका प्रतिवेदन जिलाधिकारी कार्यालय को सौंपा जाएगा।

## लेट्स इंस्पायर बिहार
**राहुल कुमार सिंह**
मुख्य कोऑडिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

# स्टार्ट-अप के लिए पहल अपना बिहार और भारत



**[ लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के मार्गदर्शक आईपीएस विकास वैभव का मानना है कि 2047 तक विकसित बिहार बनाने के लिए AI, ब्लॉकचेन और IoT जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित किया जाए। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये सरकार के 'स्किल इंडिया' कार्यक्रम का लाभ उठाया जा सकता है और उसका विस्तार किया जा सकता है। ]** बिहार के स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र ने अपार संभावनाएँ दिखाई हैं और आर्थिक विकास एवं रोज़गार सृजन में महत्त्वपूर्ण योगदान कर रहा है। हालाँकि, इस गति को तेज़ बनाए रखने और इसे और तेज़ करने के लिये विनियामक बाधाओं को दूर करना, शिक्षा एवं उद्योग के बीच गहन सहयोग को बढ़ावा देना और वित्तपोषण एवं अवसंरचना तक समान पहुँच सुनिश्चित करना आवश्यक है। बिहार शिक्षा, उद्यमिता एवं रोज़गार को एकीकृत कर अपनी उद्यमशीलता क्षमता को साकार कर सकता है और, बिहार वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर आगे बढ़ने में मदद कर सकता है। जबकि देश की बात की जाएं तो भारत एक मज़बूत स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र रखता है, जो उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) के तहत 1.4 लाख से अधिक पंजीकृत स्टार्ट-अप्स के साथ वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर है। भारत का जनसांख्यिकी लाभांश, जहाँ 65% जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है, स्टार्ट-अप्स के लिये एक विशाल प्रतिभा पूल प्रदान करता है। स्टार्ट-अप्स का प्रभाव रोज़गार सृजन से कहीं आगे तक विस्तृत है, जहाँ उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था में भी महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। वित्त वर्ष 2023 में स्टार्ट-अप्स और उनके कॉर्पोरेट समकक्षों ने 140 बिलियन अमेरिकी डॉलर का महत्त्वपूर्ण निवेश किया, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 4% है। भारतीय स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र रोज़गार सृजन का एक महत्त्वपूर्ण चालक रहा है, जहाँ DPIIT द्वारा मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप 15.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोज़गार अवसर पैदा कर रहे हैं। अकेले 2023 में ही इन स्टार्ट-अप्स ने 3.9 लाख नौकरियों का सृजन किया, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 46.6% की उल्लेखनीय वृद्धि और पिछले पाँच वर्षों की तुलना में 217.3% की व्यापक वृद्धि को दर्शाता है। यह प्रवृत्ति रोज़गार के अवसर प्रदान करने और देश के आर्थिक विकास में योगदान करने में स्टार्ट-अप्स की महत्त्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है। डिजिटल इंडिया' जैसी पहलों के नेतृत्व में डिजिटल प्रौद्योगिकियों के व्यापक अंगीकरण से स्टार्ट-अप्स के लिये अनुकूल माहौल का निर्माण हुआ है। विश्व आर्थिक मंच (IMF) के अनुसार स्थिर सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर के साथ भारत में वर्ष 2030 तक 140 मिलियन नए मध्यमवर्गीय परिवार होंगे, जो स्टार्ट-अप के लिये एक बड़ा अवसर प्रस्तुत करेगा। स्पेसटेक, बायोटेक और क्लीनटेक जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाए। उदाहरण के लिये, हैदराबाद में 'टी-हब' (T-Hub) की सफलता का क्षेत्र-विशिष्ट फोकस के साथ अनुसरण किया जा सकता है। वर्ष 2025 तक सभी गाँवों में हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिये भारतनेट (BharatNet) जैसी पहलों के कार्यान्वयन में गति लाई जाए। अप्रयुक्त बाज़ारों तक स्टार्ट-अप्स की पहुँच के लिये यह अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और हाल ही में घोषित 1 लाख करोड़ के बजट के साथ राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन जैसी सरकारी पहल नवाचार के लिये एक सुदृढ़ आधार प्रदान कर रहे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्र इस परिवर्तन के आरंभक हैं, जो भारत को नवाचार में एक संभावित वैश्विक नेता के रूप में स्थापित कर रहे हैं। लक्षित सुधारों, सुदृढ़ साझेदारी और उन्नत कौशल विकास के माध्यम से इन मुद्दों को संबोधित करके, भारत वैश्विक नवाचार अभिकर्त्ता के रूप में अपनी स्थिति को सुदृढ़ कर सकता है। आगे बढ़ने के लिये एक समग्र उपागम की आवश्यकता है जो बाज़ार की ज़रूरतों को अत्याधुनिक अनुसंधान और उद्यमिता के साथ जोड़ता है।

## दिनदहाड़े भीड़भाड़ इलाके में अपराधियों ने किराना दुकान में लूटपाट की घटना को दिया अंजाम

नई सोच एक्सप्रेस



» विरोध करने पर चलाई गोली कर्मी को लगी ईलाज़ को निजी अस्पताल में भर्ती

**समस्तीपुर**। शुक्रवार को भीड़भाड़ वाले इलाके नगर थाना क्षेत्र के गुदरी बाजार में चार अपराधियों के द्वारा राज कुमार गुप्ता के किराना दुकान में पीछे के रास्ते से प्रवेश कर लूट की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया जाता है इसी बीच इसका विरोध करने पर दुकान के कर्मी अमलेश कुमार को अपराधियों के द्वारा गोली मारकर सभी फरार हो गया है, ज़ख़्मी कर्मी को स्थानीय लोगों के द्वारा एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है वही किराना दुकान के स्वामी भी ज़ख़्मी हो गए हैं, घटना की सुचना मिलते ही एएसपी संजय कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ पहुँच जाँच में जुट गए हैं, दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज़ को खंगाला जा रहा है! स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस प्रशासन के उदासीन रवैये के कारण अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है, पुलिस के द्वारा गस्ती न होना भी एक बहुत बड़ा कारण है जिससे अपराधी बेलगाम हो गया है, इधर प्रेसवार्ता कर एएसपी संजय कुमार पांडे ने बताया कि नगर थाना क्षेत्र के गुदरी बजार स्थित राजकुमार गुप्ता पिता- लक्ष्मीनारायण गुप्ता सा०-गुदरी बजार, थाना-नगर, जिला- समस्तीपुर के किराना के दुकान पर तीन युवक आते है और दुकान के उपर स्थित प्रथम तल पर गृह स्वामी से बात करते है। बातचीत के दौरान गृह स्वामी नीचे उतरने के लिए हल्ला करते है, तब तीनों भागने लगते है। भागने के क्रम में सीढ़ी से नीचे उतरने के दौरान एक गोली भी फायर किया जाता है। फायर गोली दुकान के स्टाफ अमलेश कुमार पिता-रामकुमार राय सा०-लोहागिर थाना-उजियारपुर, जिला-समस्तीपुर को लगती है। गोली से जख्मी होने के कारण अमलेश कुमार सदर अस्पताल, सम्स्तीपुर में इलाजरत है। जख्मी की स्थिति सामान्य है। गृह स्वामी द्वारा किसी प्रकार का लूट-पाट की बात नहीं बतायी गयी है।भागने के क्रम में तीनों अपराधकर्मी में से एक का पिस्तौल लड्डुलाल स्वीट्स के पास गिरने एवं एक गोली भी फायर होने की बात प्रकाश में आयी है। घटनस्थल (राजकुमार गुप्ता के घर) पर एफएसएल टीम के द्वारा पहुँचकर फायर गोली का खोखा बरामद किया गया है। अन्य साक्ष्य संग्रह किया जा रहा है। राजकुमार गुप्ता के घर एवं लड्डुलाल स्वीट्स के आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा के अवलोकन से दोनों जगह समान अपराधकर्मी पाये गये है।पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीनों अपराधकर्मियों को चिन्हित किया गया है। विशेष टीम गठित कर संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। स्थिति समान्य है। सभी तथ्यों पर विश्लेषण कर विधि-सम्मत/ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### आईटेल ने बिहार अड्डा पेश करने के लिए लल्लनटॉप के साथ साझेदारी कीः सभी के लिए एक मेगा सांस्कृतिक महोत्सव

**पटना**। भारत में एक अग्रणी प्रौद्योगिकी ब्रांड, आईटेल ने एक भव्य सांस्कृतिक उत्सव, द बिहार अड्डा के सह-प्रायोजक के रूप में लल्लनटॉप के साथ गर्व से साझेदारी की है। इस जीवंत कार्यक्रम ने देश की कला, संगीत और सिनेमा की सबसे बड़ी सभा को एक साथ ला खड़ा किया, जिसका दर्शकों पर गहरा प्रभाव पड़ा। बहुप्रतीक्षित मेगा-इवेंट पटना के गांधी मैदान के प्रतिष्ठित बापू सभागार में हुआ और बिहार के सम्मानित राज्यपाल श्री राजेंद्र अर्लेकर ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आईटेल इंडिया के सीईओ, श्री अरिजीत तालापात्रा ने कहा, बिहार अड्डा कार्यक्रम के लिए लल्लनटॉप के साथ हमारी साझेदारी दर्शकों के साथ सार्थक तरीके से जुड़ने की आईटेल की प्रतिबद्धता के साथ सहजता से मेल खाती है। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम मजबूत करने के लिए एक मूल्यवान मंच प्रदान करता है। सामुदायिक संबंध और हमारे जुड़ाव को गहरा करना, हमारे ग्राहकों के साथ जुड़ाव की भावना को बढ़ावा देना है। आईटेल और द लल्लनटॉप अड्डा के बीच साझेदारी भारतीयों को बेहतर जीवन का आनंद लेने के लिए सशक्त बनाने के लिए आईटेल के समर्पण को रेखांकित करती है। बिहार अड्डा ने बॉलीवुड आइकन और सांस्कृतिक कलाकारों की एक प्रभावशाली श्रृंखला को एक साथ लाया, जिससे उपस्थित लोगों के लिए एक शानदार माहौल तैयार हुआ। पंकज त्रिपाठी, विक्रांत मैसी, संजय मिश्रा और विनीत कुमार जैसे बॉलीवुड सितारों ने मंच पर जलवा बिखेरा, जबकि हास्य कलाकार प्रत्यूष चौबे, संगीतकार राहगीर और गायक रितेश पांडे और अनुपमा यादव की मनमोहक प्रस्तुतियों ने भीड़ को मंत्रमुग्ध कर दिया। पिछले आयोजनों की गति को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष के अड्डा ने भारी संख्या में दर्शकों को आकर्षित किया, जिससे इस आयोजन की जीवंत विरासत में एक और यादगार अध्याय जुड़ गया।

### दयाल सिंह महाविद्यालय में दीपोत्सव का आयोजन

**नई दिल्ली**। दयाल सिंह महाविद्यालय में दीपावली के शुभ अवसर पर "व्योमः कला एवं संस्कृति समिति" के तत्वावधान में दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में महाविद्यालय की विभिन्न सांस्कृतिक समितियों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कला एवं संस्कृति की छवि प्रस्तुत की। दीपोत्सव का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० विनोद कुमार पालीवाल जी ने दीप प्रज्वलित करके किया, जिसके पश्चात भारतीय सांस्कृतिक संगीत का भी आयोजन हुआ। समारोह में विशेष आकर्षण तीन हज़ार दीपों से सुसज्जित महाविद्यालय परिसर रहा, जिसमें छात्रों ने पारंपरिक परिधानों में सांस्कृतिक विविधता को प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रो० पालीवाल जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली अँधकार पर प्रकाश की जीत का उत्सव है, हमें सदा अपने भीतर की बुराईयों के अँधकार को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। देश के सभी नागरिक दीपों की तरह तेजोदीप्त रहें। और अंत में, प्राचार्य जी ने सभी छात्रों, प्रध्यापकों, गैर शैक्षणिक स्टाफ एवं समस्त दयाल सिंह महाविद्यालय परिवार को दिवाली की अग्रिम शुभकामनाएँ दीं। मौके पर प्रो० अजय कुमार भागी, प्रो० नवनीत मानव, डॉ सुनील कुमार शर्मा, डॉ प्रकाश कुमार पटेल, व्योमः कला एवं संस्कृति समन्वयक डॉ अल्का शर्मा, डॉ विजय कुमार वर्मा, डॉ मौमिता सरकार, डॉ उमा शर्मा, डॉ मधुरेंद्र सिंह, डॉ शिवरंजनी सिंह आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और प्रध्यापकों ने भाग लिया और दीपोत्सव का उत्साहपूर्वक आनंद लिया।

### शौच करने गए वृद्ध पुनपुन नदी में डूबे



**पुनपुन**। पुनपुन नगर पंचायत के पुनपुन पकड़ी निवासी लगभग 58 वर्षीय वीणा पासवान पुनपुन नदी में डूबे,स्थानीय एवँ परिजनों ने बताया कि शौच करने गए थे और नदी की किनारे पैर फिसलने से नदी की तेज धारा में चले जाने से डूब गए ,पत्नी मीना देवी ने बताया कि घर से निकले कुछ देर हुई थी तभी लोगो द्वारा हो -हल्ला होने लगी नदी में डूबने की ,पुनपुन पकड़ी निवासी रोते बिलखते परिजन जब पुनपुन नदी किनारे पहुँचे तो स्वजनों में चीत्कार मच गया खोजबीन,मौके पर पुनपुन थाने की पुलिस एवँ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर परिवार जन से घटना की जानकारी ली और SDRF एवँ गोताखोर को सूचना दी ।स्वजनों को बताया गया कि कुछ देर में टीम पहुंच रही है काफी देर तक इन्तेजार करते हुए स्वजनों ने बताया कि कई घण्टे बीत गए लेकिन अब तक नही आये ,परिवार जन नदी किनारे बैठकर विलाप करते नदी की ओर देखते रहे ।लगभग शाम 4 बजे तक नही पहुंची थी टीम ।फिलहाल खोजबीन जारी थी और मौके पर पुनपुन पुलिस मौजूद थी।

### रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा धौलपुर- हेतमपुर के मध्य नवनिर्मित तीसरी लाइन कार्य का सघन निरीक्षण किया



**आगरा**। दिनांक 25.10.2024 को पूर्वोत्तर परिक्षेत्र के रेल संरक्षा आयुक्त श्री प्रणजीव सक्सेना द्वारा धौलपुर- हेतमपुर के मध्य कि.मी संख्या 1278.517 से 1281. 542 व कि.मी 1287.780 से 1289.451 तक तीसरी लाइन व धौलपुर स्टेशन पर पैनल रूम का मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल के साथ विस्तृत निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान आगरा मंडल के अंतर्गत आने वाले खंड में ट्रैक्शन, सिग्नल, ओएचई, ट्रैक, ट्रैक-पॉइंट्स आदि सभी इंस्टालेशन तथा उनकी कार्य क्षमता की गहनता से परख की गयी । सुरक्षा व संरक्षा के सभी मानकों से संतुष्ट होकर रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा नवनिर्मित धौलपुर हेतमपुर रेलखंड पर 120 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से स्पीड ट्रायल कर नव निर्णय तीसरी रेल लाइन का परीक्षण किया ।रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण की संस्तुति के उपरांत उक्त दोहरीकृत रेल खंड पर रेलगाड़ियों का संचालन प्रारंभ होगा। निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा आयुक्त के साथ मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल सहित उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के अधिकारी एवम मंडल के अन्य अधिकारी, निरीक्षक, पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# वैज्ञानिक चेतना के प्रसार में शिक्षकों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण : डी.एम





नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद**। साइंस फॉर सोसायटी बिहार के तत्वावधान में आयोजित बिहार बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम का जिला स्तरीय शिक्षक दिशा निर्देशन सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन डी.ए.वी पब्लिक स्कूल में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार और बिहार काउंसिल ऑन साइंस एंड टेक्नोलॉजी की सहभागिता से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक चेतना के प्रसार में शिक्षकों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि ऐसे बच्चे वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने में अपना योगदान दें और विज्ञान की जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित करें।अध्यक्षीय भाषण में शंकर कुमार ने कहा कि विज्ञान शिक्षा के माध्यम से ही समाज में वैज्ञानिक सोच और अनुसंधान की प्रवृत्ति विकसित हो सकती है। स्वागत भाषण में के० के० पांडेय ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को विज्ञान और पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करना था। इस कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में साइंस फॉर सोसायटी की डॉ० कुमारी निमिषा, प्रवीण दीपक, डॉ० उदय शंकर मिश्र और श्रीकान्त शर्मा, अपर्णा सिंह ने जल संरक्षण, जैव विविधता, पारिस्थितिकी और जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शिक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान किया तथा छात्रों को परियोजना कार्य करवाने सम्बंधित जानकारी दी। मंच संचालन साइंस फ़ॉर सोसायटी के जिला संयोजक ललित शंकर ने किया और पंकज कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। सभी प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला को अत्यंत लाभकारी बताया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी रश्मि रेखा, साइंस फॉर सोसायटी के राज्य अध्यक्ष डॉ० अरुण कुमार, राज्य समन्वयक डॉ० सी.एस झा, डी.ए.वी के प्राचार्य के० के० पांडेय, शकील काकवी, डॉ० चंद्रभूषण शर्मा सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

## ट्रॉफी गौरव यात्रा के कटिहार पहुंचने पर किया स्वागत



नई सोच एक्सप्रेस

**कटिहार**। बिहार में पहली बार 11 से 20 नवंबर तक आयोजित होने वाली विमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2024 का ट्रॉफी गौरव यात्रा के कटिहार पहुंचने पर जिला प्रशासन के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।इसको लेकर खेल भवन में एक कार्यक्रम आयोजित कर जिला प्रशासन सहित कई वरीय अधिकारियों ने उनके स्वागत को यादगार बनाया। मौके पर डीएम मनेश कुमार मीणा ने कहा कि कटिहार की पावन भूमि पर ट्रॉफी गौरव यात्रा का स्वागत हमलोगों के लिए सौभाग्य की बात है।यह ट्रॉफी गौरव यात्रा 14 अक्टूबर से 10 नवंबर तक चलेगी। जो बिहार के सभी जिलों से होकर गुजरेगी। इस प्रतियोगिता की मेजबानी इस बार भारत कर रहा है, जो हमारे लिए गौरव की बात है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, हॉकी इंडिया और एशियन हॉकी फेडरेशन के संयुक्त तत्वाधान में यह खेल प्रतियोगिता बिहार के राजगीर में आयोजित किया जा रहा है। एसपी वैभव शर्मा ने कहा कि एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप के आयोजन से खेल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि इस चैंपियन ट्रॉफी में भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की महिला टीम हिस्सा ले रही हैं।राजगीर में स्थित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर के हॉकी ग्राउंड में प्रतियोगिता के सभी मैच खेले जाएंगे, भारत 2023 में विजेता रहा है।ऐसे में इस बार भी अपना देश इस चैंपीयन पर कब्जा जमाने के लिए आतुर है। इस अवसर पर जिला प्रशासन के साथ-साथ कटिहार जिला टेबल टेनिस के सचिव बबन कुमार झा, अमित कुमार शाह, राजकुमार, संतोष कुमार राय, जयप्रकाश शर्मा, नवीन कुमार उपस्थित थे।

## भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक अशोक कुमार भगत 28 को करेंगे नामांकन



नई सोच एक्सप्रेस

**गोड्डा**। महागामा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक अशोक कुमार भगत आगामी 28 को अपना नामांकन का प्रचा दाखिल करेंगे। इसकी सफलता को लेकर महागामा विधानसभा के तीनों प्रखंडों क्रमशः मेहरमा, महागामा और ठाकुरगंगटी प्रखंड में तैयारी जोरों पर है। शुक्रवार को मेहरमा और बलबड्डा मंडल कार्यकर्ताओं की अलग-अलग बैठक हुई।मेहरमा मंडल की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री कृष्णमुरारी चौबे और पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य नंदकिशोर ठाकुर शामिल हुए। नामांकन कार्यक्रम की सफलता को लेकर पंचायत प्रभारी और पंचायत संयोजक नियुक्त किए गए। इन्हीं लोगों को नामांकन में पहुंचने के लिए बूथ स्तर पर वाहन उपलब्ध कराने की जिम्मेवारी दी गई। नामांकन कार्यक्रम में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं के शामिल होने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान, महामंत्री राजेश सिंह, संजय शाह के अलावा श्यामसुंदर साह, दीपक ठाकुर, शैलेंद्र सुमन, सुनील पोद्दार, प्रभाष सिन्हा, राजेश लाला,फणिलाल कुशवाहा,बलराम कुशवाहा,मुखिया मृत्युंजय सिंह उर्फ चुन्ना सिंह, निलेश कुमार, नेपाली मंडल, भूपेंद्र दास, आनंद मिश्रा,दिलीप सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने पटना में किया अपने तीसरे एक्सक्लुसिव शोरूम का भव्य उद्घाटन

नई सोच एक्सप्रेस

» किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने पटना में अपने तीसरा ज्वेलरी शोरूम का उद्घाटन किया जो कंपनी का भारत में 51वां शोरूम है



**पटना**। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने ज्वेलरी क्षेत्र में सफलता का आगाज करते हुए पटना में बोरिंग रोड स्थित अपने तीसरे शोरूम का शानदार शुभारंभ किया जो पूरे देश में 51वां शोरूम है। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी का यह बिहार में चौथा शोरूम है। इस उद्घाटन के अवसर पर हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक और प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया उपस्थित थे। शोरूम के भव्य उद्घाटन समारोह के अवसर पर ग्राहकों के लिये किसना द्वारा डायमंड ज्वेलरी पर 100 प्रतिशत तक मेकिंग चार्ज की छूट दी जा रही है, वहीं गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 20 प्रतिशत तक की भारी छूट मिल रही है। ग्राहकों के उत्साह को और बढ़ाते हुए किसना ने अबकी बार आपके लिये शॉप एंड विन ए कार जैसे आकर्षक कैंपेन ऑफर किये हैं, जिसमें 100 से अधिक कारों में से जीतने का मौका दिया गया है। ग्राहक 20 हजार या इससे अधिक कीमत वाले डायमंड, प्लेटिनम या सॉलिटेयर ज्वेलरी या 50 हजार या इससे अधिक कीमत वाले गोल्ड ज्वेलरी खरीदकर इसमें भाग ले सकते हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक और प्रबंध निदेशक, घनश्याम ढोलकिया ने कहा, "पटना हमारी सफलता के सफर में एक खास स्थान रखता है। यह नया शोरूम बिहार के उपभोक्ताओं को बेजोड़ आभूषण और अनोखा अनुभव प्रदान करने के प्रति हमारे प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह विस्तार, हर घर किसना के हमारे विजन के अनुरूप किया गया है, जहां हमारा उद्येश्य डायमंड ज्वेलरी के लिये हर महिला के सपने को साकार करते हुए भारत का तेजी से बढ़ता ज्वेलरी ब्रांड बनना है।" इस मौके पर किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के निदेशक पराग शाह ने कहा कि "दिवाली रौशनी का त्योहार है, और इस विशेष अवसर पर अपना तीसरा शोरूम लांच करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही, क्योंकि इसके खुलने के साथ पूरे भआरत में हमारे 52 शओरूम हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह दिवाली सभी के लिये रौशनी और खुशी लेकर आता है, उसी तरह हमारा लक्ष्य अपने महत्वपूर्ण उपभोक्ताओं को उत्तम आभूषण संकलन के जरिये खुशी प्रदान करना है।" वहीं, किसना के फ्रैंचाइज़ पार्टनर शिवम रंजन ने उत्साहित होकर कहा कि "किसना के साथ साझेदारी हमारे लिये गर्व का अनुभव रहा है। किसना का त्योहार के लिये आभूषण संग्रह, त्योहार की चमक को और भी बढ़ाने के लिये डिजाइन किया गया है। हमें इस शुभ अवसर पर स्थानीय लोगों के लिये इस खूबसूरत पेशकश को पेश करने की खुशी है।" गौरतलब है कि समाज के लिये ब्रांड की अपनी प्रतिबद्धता के तहत उद्घाटन कार्यक्रम में पर्यावरण की सुरक्षा के लिये वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही किसना द्वारा जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया गया।

## जगत नारायण लाल कॉलेज में नैक पियर टीम का हुआ आगमन

नई सोच एक्सप्रेस



**खगौल**। जगत नारायण लाल कॉलेज में 24 और 25 अक्टूबर को नैक पियर टीम का आगमन हुआ। नैक टीम में चेयरपर्सन के रूप में प्रो पूनम बावा, सदस्य के रूप में प्रो अशोक कुमार एवं प्रो कुण्डलिक शिंदे थे। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्रधानाचार्या प्रोफेसर मधु प्रभा सिंह ने सभी सदस्यों को तिलक ,आरती तथा फूलदान देकर स्वागत किया। तत्पश्चात् एनसीसी कैडेट के द्वारा गाड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके पश्चात् सभी सदस्यों ने महाविद्यालय के जनक जगत नारायण लाल जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। तदुपरान्त नैक टीम के सदस्यों ने कॉन्फ्रेंस हॉल में महाविद्यालय के IQAC कोऑर्डिनेटर, प्रधानाचार्या तथा सभी विभागाध्यक्षों की पीपीटी प्रस्तुति का अवलोकन किया। उन्होंने सभी की पीपीटी प्रस्तुतीकरण की प्रशंसा की। इसके उपरांत उन्होंने आइक्यूएसी रूम, एनसीसी रूम, एनएसएस की गतिविधियों, लेखापाल कक्ष, सामान्य शाखा तथा सभी विषयों के विभागों एवं प्रयोगशालाओं का परिभ्रमण कर निरीक्षण किया। इसके उपरांत महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों के साथ मध्याह्न भोजन के साथ परिचर्चा हुई। भोजनोपरान्त उन्होंने महाविद्यालय के छात्रों , पूर्ववर्ती छात्रों एवं अभिभावकों से विचार विमर्श किये। महाविद्यालय में संचालित जलपान गृह, डे केयर सेंटर, वाटर हार्वेस्टिंग, वर्मी कंपोस्ट की व्यवस्था एवं व्यायाम शाला का भी उन्होंने निरीक्षण किया। इन सब निरीक्षणों के उपरांत उन्होंने उच्च शिक्षा निदेशक रेखा कुमारी एवं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आर के सिंह से महाविद्यालय में मूलभूत आवश्यकता तथा वित्तीय सहायता के बारे में विचार विमर्श किये । तदुपरांत महाविद्यालय के हरे भरे परिसर में अल्प विश्राम कर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिए। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों की भूरि भूरि प्रशंसा की। दूसरे दिन प्रधानाचार्य कक्ष में महाविद्यालय के प्राध्यापक को के साथ गंभीर मुद्दों पर विचार विमर्श किए गए। महाविद्यालय परिसर में उनके कर कमल से पौधा रोपण किया गया। उन्होंने महाविद्यालय की प्रत्येक गतिविधियों को काफी बारीकियों से निरीक्षण किया। नैक मूल्यांकन के लिए महाविद्यालय की ओर से उत्तम व्यवस्था की गई। इस महत्वपूर्ण कार्य में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई।

## नप की बैठक में कर्मचारियों के महंगाई भत्ता में वृद्धि व छठ घाट पर विशेष साफ-सफाई को मिली मंजूरी

नई सोच एक्सप्रेस



**खगौल**। शुक्रवार को नगर परिषद खगौल के साधारण बोर्ड की बैठक मुख्य पार्षद सुजीत कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।आज की बैठक में नगर परिषद खगौल क्षेत्र अंतर्गत छठ पूजा के अवसर पर विशेष साफ-सफाई उपलब्ध करवाने एवं कार्यालय के नियमित कर्मियों को 9% एवं सेवानिवृत कर्मियों के महंगाई भत्ता में 16% की वृद्धि को मंजूरी दी गई जो कि एक अक्टूबर 2024 से लागू होगा।दीपावली व छठ पूजा को देखते हुए नगर परिषद कर्मियों को यह उपहार के रूप में प्राप्त हुआ है। आगामी छठ महापर्व को लेकर सभी छठ घाटों की विशेष साफ- सफाई के प्रस्ताव को सभी वार्ड पार्षदों ने ध्वनि मत से अपनी सहमति प्रदान की। बैठक में अध्यक्ष सुजीत कुमार, नगर कार्यपालक पदाधिकारी अभिनव कुमार, नगर प्रबंधक कंचन कुमारी, प्रधान सहायक मनोज कुमार सहित वार्ड पार्षद सुजाता देवी,रिंकू कुमारी,पिंटू कुमार, श्रीमती जूली साहा,प्रशांत कुमार सिंह, महेंद्र कुमार सिंह, पुष्पा देवी, आरती कुमारी, सरिता शर्मा, रोहित कुमार उर्फ राहुल एवं अन्य मौजूद थे।

# खेल खेल के दौरान बांध से लुढ़ककर पानी के गहरे गड्ढे में गिरने से दो बच्चों की मौत, परिजनों में कोहराम

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर**। आज ज़िले के शिवाजीनगर थाना क्षेत्र से हृदय विदारक घटना सामने आ रही है। जहां खेलने के दौरान बांध से लुढ़ककर पानी भरे गड्ढे में गिरने से पांच-पांच वर्ष के दो बच्चों की मौत हो गई है। बताया जाता है कि इन बच्चों के पानी में गिर जाने की भनक तक परिजनों को नहीं लगी। परिजन यह सोच कर उनकी खोजबीन करते रहे कि वे किसी के घर पर चले गए हैं। जब दोनों की लाश गड्ढे में उपलाता दिखाई दिया तब उन्हें घटना की जानकारी हुई।घटना गुरुवार की दोपहर जाखर धरमपुर पंचायत के कोलहटा गांव में हुई है। मृत बच्चों की पहचान गांव के बनारसी ढाला वार्ड 17 निवासी रमाकांत मुखिया के 5 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार और उनके भांजे कृष्ण कुमार के रूप में की गई है। कृष्ण कुमार दरभंगा के बहेरी थाना क्षेत्र निवासी राहुल मुखिया का 5 वर्षीय पुत्र बताया जाता है।बताया जाता है कि गुरुवार की दोपहर वे बांध पर खेल रहे थे। कयास लगाया जा रहा है कि इसी दौरान बांध से लुढ़क कर वे गड्ढे में गिर गए होंगे। जिससे उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि काफी खोजबीन करने के बाद बांध किनारे गड्ढे में उपलता हुआ दोनों का शव मिला। शव मिलते ही रोसड़ा थाना एवं शिवाजीनगर सीओ को घटना की जानकारी दी गई। बाद में पहुंची रोसड़ा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।उधर, बच्चों के शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। दोनों मासूम बच्चों की मां के चीत्कार से पूरा गांव गमगीन हो गया था। बताया जाता है कि बहेड़ी निवासी राहुल मुखिया का पुत्र कृष्णा करीब एक साल से ननिहाल में ही रह रहा था। रोसड़ा थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर मुकेश कुमार मंडल ने बताया कि घटना की जानकारी पर पुलिस टीम को भेजा गया था। बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर भेजा गया है।

# झाड़फूंक करने वाली भगतिनी की गला रेतकर हत्या, छानबीन में जुटी पुलिस

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर**। 25 अक्टूबर ज़िले के विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र के जट्टावाली भगतिनी के नाम से मशहूर झाड़फूंक करने वाली एक अधेड़ महिला की निर्ममता से गला रेतकर हत्या कर दी गई है। उक्त महिला की लाश गुरुवार की सुबह उसके ही घर से मिली है। महिला की हत्या की सूचना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। स्थानीय पुलिस एफएसएल टीम के साथ घटना की छानबीन में जुटी है।घटना विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र के मऊ धनेशपुर उत्तर पंचायत स्थित दमदमा गांव की बतायी जा रही है। मृतका की पहचान साहिट पंचायत के मलकलीपुर गांव निवासी स्व. गांगो पासवान की 50 वर्षीया पत्नी उर्मिला देवी उर्फ जट्टावाली भगतिनी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतिका मूल रूप से साहिट पंचायत के मलकलीपुर गांव की रहने वाली थी। वह पति के मौत के बाद पिछले पांच वर्ष से दमदमा गांव में सड़क किनारे झोपड़ी बना कर अकेली रहती थी।भैंस पाल कर एवं मजदूरी कर किसी तरह जीवन व्यतीत कर रही थी। वहीं गांव में झाड़फूंक का काम भी करती थी। बताया जाता है कि उसका किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं था। गुरुवार की सुबह घर के आगे खूंटे से बंधी भैंस सुबह में चारा नहीं मिलने पर जोर जोर से आवाज लगा रही थी। जिसे देख कर पड़ोसी को कुछ अटपटा सा लगा, तो वह भैंस के मालकिन को उठाने के लिए उसके घर गया। लेकिन महिला को बिछावन पर मृत देखकर उसने शोर मचाया। तब आस-पास के लोगों ने घर में जाकर देखा तो महिला गला कटा हुआ था। इसके बाद घटना की सूचना तत्काल पंचायत के मुखिया और स्थानीय पुलिस को दी गई।घटना की सूचना मिलते ही दलसिंहसराय अंचल पुलिस निरीक्षक नीरज कुमार तिवारी व थानाध्यक्ष फिरोज आलम के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने उक्त महिला का शव झोपड़ीनुमा उसके घर से बरामद किया। सर्किल इंस्पेक्टर नीरज तिवारी ने बताया कि पुलिस घटना की बारीकी से जांच कर रही है। एफएसएल टीम की मदद भी ली जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर भेजा गया है। आस-पास के लोगों से महिला के बारे में जानकारी इकट्ठा की जा रही है।

# कृषि क्षेत्र पर रोजगार की निर्भरता

कृषि पर रोजगार की निर्भरता घटना विकास की आम प्रक्रिया का हिस्सा है। उच्च शिक्षा में ऊंची भागीदारी और कंप्यूटर का अधिक उपयोग आज विकास के मूलभूत स्तंभ हैं। इन तीनों पैमानों पर कमजोर सूरत के साथ भारत आखिर कहां पहुंच सकता है? हाल में जारी आवधिक श्रम शक्ति सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्ट से यह चिंताजनक आंकड़ा सामने आया कि भारत में श्रमिकों का विपरीत विस्थापन हो रहा है। यानी बड़ी संख्या में मजदूर गैर-कृषि क्षेत्रों से वापस कृषि क्षेत्र में चले गए हैं। भारत सरकार की इस सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक 2018-19 में देश में 42.5 प्रतिशत श्रमिक कृषि क्षेत्र पर आश्रित थे। 2023-24 में यह संख्या 46.1 प्रतिशत हो गई। दूसरी तरफ मैनुफैक्चरिंग एवं कंस्ट्रक्शन में लगभग समान संख्या में 11 से 12 प्रतिशत तक श्रमिकों को काम मिला हुआ है। इन दोनों क्षेत्रों में रोजगारशुदा कर्मियों की संख्या 2018-19 की तुलना में घट गई है। रिपोर्ट के अनुसार 2028-19 के बाद के पांच वर्षों में छह करोड़ 80 लाख मजदूर वापस कृषि क्षेत्र में लौट गए। स्पष्टतः इनमें बड़ी संख्या उन मजदूरों की होगी, जो कोरोना महामारी के समय अपने गांव चले गए थे। लेकिन उनका वहीं बने रहना यह बताता है कि महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में रोजगार देने की पुरानी क्षमता लौटी नहीं है। गौरतलब है कि 2004-05 से 2018-19 के बीच छह करोड़ 60 लाख मजदूर कृषि क्षेत्र से दूसरे क्षेत्रों में काम करने गए थे। उसके बाद जो हालात बने, उसमें बात वापस 20 पहले वाले मुकाम पर पहुंच गई है। अब एक दूसरे सरकारी आंकड़े पर गौर करें। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक भारत में सिर्फ 9.9 फीसदी घरों में कंप्यूटर हैं। देश में 15 साल या उससे अधिक उम्र के हो चुके लोगों के बीच स्कूल में समय गुजारने का औसत 8.4 वर्ष बना हुआ है। मतलब यह कि उच्च शिक्षा में आबादी का एक छोटा हिस्सा ही पहुंच पाता है। इन तीन आंकड़ों को ध्यान में रखें, तो अंदाजा लगाना आसान हो जाता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का वर्तमान कैसा है और भविष्य की संभावनाएं कितनी मजबूत हैं।

# धर्मनिरपेक्षता पर सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के निहितार्थ



आरती कुमारी

सुप्रीम कोर्ट ने अपने दो हालिया फैसलों में धर्मनिरपेक्षता की विस्तृत व्याख्या करते हुए इसे और मजबूती दी है। असल में धर्मनिरपेक्षता को लेकर संविधान-निर्माताओं का मुख्य उद्देश्य धार्मिक सहिष्णुता, समानता एवं बंधुत्व भाव से था, लेकिन बाद में यह शब्द भ्रामक हो गया और इसने धर्म के अस्तित्व को ही नकार दिया। राजनेताओं ने अपने-अपने हितों को साधने के लिये इस धर्मनिरपेक्षता शब्द के वास्तविक अर्थ एवं भावना को ही धुंधला दिया। सर्वोच्च अदालत ने बीते सोमवार को संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं के बाबत धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की आधारभूत संरचना का हिस्सा बताया और स्पष्ट संकेत दिया है कि धर्मनिरपेक्षता को पश्चिमी देशों से आयातित शब्द के नजरिये से देखने के बजाय भारतीय संविधान की आत्मा के रूप में देखना चाहिए। धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की मूल विशेषता बताते हुए कोर्ट ने कहा कि संविधान में वर्णित समानता व बंधुत्व शब्द इसी भावना के आलोक में वर्णित हैं। साथ ही धर्मनिरपेक्षता को भारतीय लोकतंत्र की अपरिहार्य विशेषता बताते हुए कहा कि यह समाज में व्यापक दृष्टि वाली उदार सोच को विकसित करने में सहायक है। जिसके बिना स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। जो राष्ट्रीय एकता का भी आवश्यक अंग है। ध्यातव्य है कि 42वें संविधान संशोधन के बाद भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'पंथनिरपेक्ष' शब्द जोड़ा गया, लेकिन 'पन्थनिरपेक्ष' शब्द का प्रयोग भारतीय संविधान के किसी अन्य भाग में नहीं किया गया है। वैसे संविधान में कई ऐसे अनुच्छेद मौजूद हैं जिनके आधार पर भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य कहा जाता है क्योंकि भारत का संविधान देश के नागरिकों को यह विश्वास दिलाता है कि उनके साथ धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा। संविधान में भारतीय राज्य का कोई धर्म घोषित नहीं किया गया है और न ही किसी खास धर्म का समर्थन किया गया है। इसका कारण भारत में अनेकों धर्म और सम्प्रदाय प्रचलित हैं। अतः संविधान निर्माताओं ने इसको धर्मनिरपेक्ष देश के रूप में स्वीकार किया। भारतीय समाज का बहुधर्मी व विभिन्न संस्कृतियों का गुलदस्ता होना भी इसकी अपरिहार्यता को दर्शाता है। निश्चित रूप से अदालत ने इस मुद्दे पर अपनी राजनीतिक सुविधा के लिये तल्खी दिखाने वाले नेताओं को भी आईना दिखाया है। पूर्व राष्ट्रपति डा. एस. राधाकृष्णन् ने धर्म निरपेक्षता शब्द के व्यापक हार्द को स्पष्ट करते हुए कहा था- 'धर्मनिरपेक्ष होने का अर्थ अधर्मी होना अथवा संकुचित धार्मिकता पर चलना नहीं होता, वरन इसका अर्थ पूर्णतः आध्यात्मिक होना होता है। निरपेक्ष का अर्थ है कि राष्ट्र की ओर से किसी धर्म विशेष का प्रचार-प्रसार नहीं किया जाएगा। सब धर्मों के प्रति समानता का व्यवहार किया जाएगा।' भारत के लोकतंत्र एवं संविधान की यही विशेषता है कि इसमें किसी एक धर्म को मान्यता न देकर सभी धर्मों को समान नजर से देखा जाता है। आजकल धर्मनिरपेक्षता को लेकर चलने वाली बहसें अक्सर जिस तरह का तीखा रूप ले लेती हैं, उसके मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग इन दो फैसलों में इसकी अहमियत रेखांकित हुई है। एक मामले में सर्वोच्च अदालत ने धर्मनिरपेक्षता को संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा करार दिया तो दूसरे मामले में इसकी संकीर्ण व्याख्या से उपजी गड़बड़ियां दुरुस्त कीं। दूसरा मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को रद्द किए जाने से जुड़ा था, जिसे मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने गलत करार दिया। हाईकोर्ट ने इस एक्ट को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ माना था। धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत की इस संकीर्ण व्याख्या के चलते प्रदेश के 13 हजार से ज्यादा मदरसों में पढ़ रहे 12 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे थे। मगर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जरूरत मदरसों को बैन करने की नहीं बल्कि उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने की है। लेकिन यहां एक प्रश्न यह भी है कि क्या मदरसे मुख्यधारा में आने को तैयार है? क्या मदरसे एक धर्म-विशेष से जुड़ा मामला नहीं है? अदालत का यह मानना कि मदरसों पर रोक लगाने के बजाय उनके पाठ्यक्रम को वक्त की जरूरत और राष्ट्रीय सोच के अनुरूप ढाला जाना चाहिये, उचित एवं संविधान की मूल भावना के अनुरूप है। जिससे छात्रों की व्यापक दृष्टि विकसित हो सके। लेकिन क्या ऐसा संभव है? क्या मदरसे अपने पाठ्यक्रम को संकीर्ण दायरों से बाहर निकाल कर व्यापक परिवेश में नया रूप दे पायेंगे? ऐसा होता है तो अदालत की सोच से भारत की एकता एवं अखण्डता को नयी ऊर्जा मिलेगी। फिर तो अदालत का दो टूक कहना कि यदि किसी भी प्रकार से धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा कमजोर पड़ती है तो अंततः इसका नुकसान समाज व देश को ही उठाना पड़ेगा, सही है। भारतीय समाज में सदियों से फल-फूल रही गंगा-जमुनी संस्कृति के पोषण देने के लिये सभी धर्मों एवं सम्प्रदायों को समानता से, बंधुत्व भावना से एवं उदारता से ही देखा जाना चाहिए। आज धर्म-निरपेक्षता शब्द को लेकर राजनेता एवं राजनीति दो भागों में बंटी हुई है। समाज भी दो भागों मे बंटा है। आजादी के समय एवं संविधान को निर्मित करते हुए अंग्रेजी के सेक्युलर शब्द का अर्थ धर्म करना भ्रामक हो गया। तब के इसी धर्म-निरपेक्ष शब्द के कारण आज विद्यालयों में धार्मिक शिक्षा नहीं दी जाती, जिसका परिणाम यही है कि आज विद्यार्थियों का सर्वांगीण व्यक्तित्व-निर्माण नहीं हो रहा है। मैंने अणुव्रत आन्दोलन के प्रवर्तक आचार्य तुलसी के साथ विभिन्न राजनेताओं, धर्मगुरुओं, साहित्यकारों, पत्रकारों की इस शब्द को लेकर चर्चाओं में सहभागिता की। व्यापक सोच वाले आचार्य तुलसी का विश्वास रहा कि हिन्दुस्तान सम्प्रदाय निरपेक्ष होकर अपनी एकता को बनाए रख सकता है किन्तु धर्महीन होकर एकता को सुरक्षित नहीं रख सकता। लोकतंत्रीय राष्ट्र पर किसी सम्प्रदाय अथवा पंथ का आधिपत्य हो तो वह अपने लोकतंत्रीय स्वरूप को सुरक्षित नहीं रख सकता। इसलिए लोकतंत्रीय राष्ट्र का सम्प्रदाय अथवा पंथ-निरपेक्ष होना अनिवार्य है। साम्प्रदायिक कट्टरता में सहिष्णुता नहीं होती है अतः राजनीति किसी सम्प्रदाय विशेष की अवधारणा से संचालित नहीं होनी चाहिए। इसलिये संविधान में धर्मनिरपेक्ष के स्थान पर सम्प्रदाय-निरपेक्ष, मजहब-निरपेक्ष अथवा पंथ-निरपेक्ष शब्द का प्रयोग होना चाहिए। सम्प्रदाय निरपेक्ष होने का तात्पर्य धर्मनिरपेक्ष, धर्महीन या धर्मविरोधी होना नहीं हैं।' इसी कारण धर्मनिरपेक्ष शब्द के कारण राजनैतिक दलों के अलग-अलग खेमे बन गए। इससे धर्म विशेष को लेकर पार्टी के द्वारा वोटों की राजनीति चलने लगी। इसीलिये आचार्य श्री तुलसी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और पी. वी. नरसिम्हाराव से इस संदर्भ में विस्तृत चर्चा करते हुए कहा- ''जब तक सेक्युलर शब्द का सही अर्थ नहीं होगा, आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों की समस्या नहीं सुलझ सकती।'' राजीव गांधी ने इस संदर्भ में नोट्स मांगे। उन्हें विस्तार से सारी बातें उपलब्ध कराई गईं। कुछ समय बाद संविधान में सेक्युलर शब्द का अर्थ धर्मनिरपेक्ष बदलकर संप्रदायनिरपेक्ष कर दिया गया।' लेकिन संविधान में धर्मनिरपेक्षता शब्द के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की गयी। इसीलिये संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि धर्मनिरपेक्षता संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। सर्वोच्च अदालत के फैसले से यह भी साफ हुआ कि संशोधन के द्वारा प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़े जाने का मतलब यह नहीं है कि इससे पहले धर्मनिरपेक्षता संविधान का अहम हिस्सा नहीं थी। चाहे समानता के अधिकार की बात हो या संविधान में आए बंधुत्व शब्द की या फिर इसके पार्ट 3 में दिए गए अधिकारों की, ये सब इस बात का साफ संकेत हैं कि धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान की मूल विशेषता है। अदालत ने यह भी कहा कि चाहे धर्मनिरपेक्षता हो या समाजवाद, इन्हें पश्चिम के संदर्भ में देखने की जरूरत नहीं। भारतीय परिवेश ने इन शब्दों, मूल्यों, संकल्पनाओं, अवधारणाओं को काफी हद तक अपने अनुरूप ढाल लिया है। वैसे भारतीय समाज ने इस शब्द के मूल भाव का सहजता से अंगीकार किया भी है। यही वजह है कि कोर्ट ने धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान का मूल स्वर बताते हुए इसकी संकुचित व्याख्या करने से बचने के लिये हिदायत दी है।

# चीन के बाद नहीं लगता की हम पाकिस्तान से रिश्ते सुधार पाएंगे !

अशोक भाटिया , मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के BRICS सम्मेलन के दौरान अहम द्विपक्षीय वार्ता होने के बाद चीन व भारत के बीच अनेक समझौते हुए उसके बाद इतने वर्षों से रिश्तों पर पड़ीं बर्फ पिघलने लगी है । इससे जानकर लोगों का मानना था कि पाकिस्तान के आका चीन के ठंडे पड़ने के बाद शायद पाकिस्तान भी अपने द्वारा प्रायोजित आतंकवाद से मुहं मोड़ ले पर ऐसा लगता नहीं । एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की बातचीत चल रही थी दूसरी तरफ पाकिस्तान अपनी आतंकवाद की गतिविधियों में लगा रहा ।हाल ही में पाकिस्तानी प्रायोजित आतंकवादियों के हमले में जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर सात लोगों मारे गए हैं। यह हमला गगनगीर में एक सुरंग निर्माण स्थल पर हुआ था। अब इस मामले में पूछताछ के लिए जांच एजेंसियां जुट गई हैं। इलाके के तकरीबन 50 लोगों को पूछताछ के लिए बुलाए जाने से जुड़ी जानकारी मिल रही है। यह सभी लोग मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के बताए जा रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार शुरुआती जांच से पता चलता है कि कर्मचारियों को निशाना बनाने वाले आतंकवादी पाकिस्तान से आए घुसपैठिए हो सकते हैं। जो बांदीपुर से जिले में आए थे। पुलिस सूत्रों ने यह भी कहा कि हमलावरों ने हाल ही में घाटी में घुसपैठ की है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जीवित बचे लोगों से की गई पूछताछ से पता चलता है कि हमलावर स्थानीय नहीं थे। इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि वे पाकिस्तानी आतंकवादी थे जो हाल ही में गुरेज सेक्टर से घाटी में घुसपैठ कर आए थे। एक सूत्र ने कहा, "ऐसा लगता है कि आतंकवादी हमले के बाद जंगलों में भाग गए हैं। गौरतलब है कि विदेश मंत्री एस जयशंकर के इस्लामाबाद जाने के बाद ऐसा लग रहा था कि पाकिस्तान दोनों देशों के बीच रिश्ते सुधारने को बेताब है। पाकिस्तान ने भले ही ऐसा खुलकर न कहा हो, लेकिन उसके नेताओं के बयान तो इसी बात की ओर इशारा कर रहे थे । जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा के बाद वहां के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने दोनों में रिश्ते सुधरने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा है कि अगर दोनों देशों की क्रिकेट टीमें भारत में किसी प्रतियोगिता का फाइनल खेलती हैं तो वो उसे देखने भारत जा सकते हैं। आइए जानते हैं कि पाकिस्तान के नेता भारत से रिश्ते सुधारने पर इतना जोर क्यों दे रहे हैं। दरअसल पाकिस्तान आर्थिक और राजनीतिक अस्थीरता के दौर से गुजर रहा है। देश में गठबंधन की सरकार चल रही है। उसके एक पूर्व प्रधानमंत्री को जेल में बंद करके रखा गया है। संसद में सबसे अधिक सांसदों वाले दल को सरकार नहीं बनाने दिया गया। अर्थव्यवस्था रसातल में चली गई है। पाकिस्तान इस साल सितंबर में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) से सात अरब डॉलर का कर्ज लिया है। आईएमएफ से उसने रिकॉर्ड 25वीं बार कर्ज लिया है। आईएमएफ के अनुमान के मुताबिक पाकिस्तान के 2023 में कुल कर संग्रह का 68 फीसदी हिस्सा तो केवल कर्ज का व्याज चुकाने में ही चला गया। इस हालात में भी उसके अपने सभी पड़ोसियों से संपर्क खराब चल रहे हैं। व्यापार ठप है। इस हालात से निपटने के लिए ही पाकिस्तान भारत के साथ संबंधों को सुधारने पर जोर दे रहा है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने इस बात पर जोर देते रहते है कि भारत और पाकिस्तान को अतीत को भूलकर अच्छे पड़ोसियों की तरह रहना चाहिए। उनके इस बयान को एस जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा के बाद भारत से रिश्ते सुधारने की पहल के रूप में देखा जा रहा था । उन्होंने जयशंकर की यात्रा को 'अच्छी शुरुआत' बताया और उम्मीद जताई कि दोनों पक्ष सकारात्मक रुख के साथ आगे बढ़ेंगे। नवाज शरीफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अचानक लाहौर यात्रा को भी याद करते रहते है । 9 साल पहले पीएम नरेंद्र मोदी पाकिस्तान गए थे। 25 दिसंबर, 2015 को पीएम अचानक से लाहौर पहुंच गए थे। असल में गए वे अफगानिस्तान दौरे पर थे, लेकिन अंतिम दिन दिल्ली आते वक्त वे 150 मिनट के लिए पाकिस्तान में रुके। किसी को भी उनके उस दौरे की जानकारी नहीं थी, लेकिन पीएम ने एक बड़ा कूटनीतिक दांव चलते हुए पाकिस्तान लैंड होने का फैसला किया। वहां पर तब के तत्कालनी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने काफी गर्मजोशी से पीएम का स्वागत किया था, उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर तक दिया गया। बाद में मोदी नवाज की पोती के निकाह में शामिल हुए और फिर भारत वापस लौटे। अब उस दौरे के बाद ऐसा माना गया कि भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में सुधार हो सकता है। लेकिन फिर उरी हमला और फिर पुलवामा ने खटास बढ़ाने का काम कर दिया। इस अवसर पर नवाज शरीफ ने कहा कि भारत-पाकिस्तान ने 75 साल इसी तरह लड़ते हुए बिताए हैं, हमें इसे अगले 75 सालों तक नहीं चलने देना चाहिए। उनका कहना है कि पीएमएल-एन की सरकारों ने दोनों देशों के बीच के रिश्ते को सुधारने के लिए कड़ी मेहनत की है।दोनों पक्षों को मिल-बैठकर चर्चा करनी चाहिए कि आगे कैसे बढ़ना है। एस जयशंकर और पाकिस्तानी विदेश मंत्री इसहाक डार की मुलाकात से उम्मीद जगी कि शायद दोनों देशों के बीच क्रिकेट रिश्ते बहाल हो जाएं।नवाज शरीफ ने भी भारत-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट संबंधों को फिर से शुरू करने की वकालत की । उनका कहना है कि अगर दोनों टीमें पड़ोसी देश में किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में खेलती हैं तो वह भारत जरूर जाना चाहेंगे। इतना ही नहीं नवाज शरीफ ने दोनों दोशों के बीच व्यापारिक संबंधों के महत्व पर भी जोर दिया था । नवाज शरीफ ने 1999 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की दिल्ली-लाहौर बस यात्रा को भी याद किया। उन्होंने कहा कि वाजपेयी को आज भी लाहौर घोषणापत्र और उस समय उनके शब्दों के लिए याद किया जाता है। वह जब उस यात्रा के वीडियो देखते हैं तो उन सुखद यादों को महसूस करके बहुत अच्छा लगता है। ज्ञात हो कि भारत ने पाकिस्तान संग रिश्ते सुधारने और अमन बनाए रखने की हमेशा बहुत कोशिशें की, लेकिन सब बेकार साबित हुईं। पाकिस्तान हमेशा ही ऐसी कोशिशों पर पानी डालता रहा है।वाजपेयी और नवाज शरीफ के बीच द्विपक्षीय मसौदे पर हस्ताक्षर हुए थे। इसमें था कि दोनों देशों के बीच जंग नहीं होगी। लेकिन कुछ ही महीनों बाद पाकिस्तान ने भारत को करगिल युद्ध का जख्म दे दिया। नवाज शरीफ ने खुद इस बात को स्वीकार किया था कि लाहौर समझौते पर पाकिस्तान ने पानी डाल दिया।उन्होंने माना था कि 28 मई 1998 को पाकिस्तान ने पांच परमाणु परीक्षण किए उसके बाद वाजपेयी वहां गए और उनके साथ समझौता किया। लेकिन पाकिस्तान ने उस समझौते का उल्लंघन किया,यह उनकी गलती थी। सभी जानते है कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पिछले काफी समय से बदहाल है। सितंबर में खबर आई थी कि खर्चों में कटौती करने के लिए उसने डेढ़ लाख नौकरियों तक में कटौती कर दी। इसके साथ ही उसने छह मंत्रालय भंग किए और दो मंत्रालयों का विलय कर दिया। उसके पास इन मंत्रालयों को चलाने के लिए फंड ही नहीं था। ऐसा उसने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से कर्ज लेने की शर्तों को पूरा करने के लिए किया। वहां से ऐसी खबरें भी आती रहती है कि पाकिस्तान में खाने-पीने की चीजों की कीमतें आसमान छू रही है।पाकिस्तान कर्ज के भारी बोझ तले दबा हुआ है। लेकिन उसके पास ब्याज देने तक के पैसे नहीं हैं। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के मुताबिक, उस पर वित्त वर्ष 2025 के लिए 26.2 अरब डॉलर का कर्ज है। आईएमएफ की रिपोर्ट के मुताबिक उसकी 40.5 प्रतिशत से ज्यादा आबादी गरीबी रेखा से नीचे है। साल 2022 में आर्थित जटिलता सूचकांक में वह 85वें नंबर पर था। पाकिस्तान के पास पहले ही पैसा नहीं है अब उसे अगले 12 महीनों में 30.35 बिलियन अमेरिकी डॉलर का कर्ज चुकाना है। इनमें कई अहम लोन भी शामिल हैं। यह बात केंद्रीय बैंक ने कही है। पैसा तो है ही नहीं ऐसे में ये कर्ज चुकाना पाकिस्तान के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा।कर्ज में दबे पाकिस्तान के तेवर अब ढीले पड़ने लगे है, शायद इसी वजह से वह रिश्ते सुधारने की वकालत कर रहा है। अब अगर किसी भी देश से फिर रिश्ते साधने होते हैं तो उस मुल्क के साथ व्यापारिक रिश्ते भी आगे बढ़ाने पड़ते है। यही पर पाकिस्तान के साथ भारत की बात बिगड़ जाती है क्योंकि पिछले पांच सालों से भारत और पाकिस्तान के बीच में व्यापार पूरी तरह ठप चल रहा है। जब भारत ने जम्मू-कश्मीर से धारा अनुच्छेद हटाने का फैसला किया था, पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई में सारे व्यापारिक रिश्ते खत्म कर लिए थे। यह अलग बात है कि उससे पहले ही भारत ने पाकिस्तान से मोस्ट फेवर्ड नेशन का टैग उससे वापस ले लिया था, इसके ऊपर पाकिस्तान के इंपोर्ट पर भारत ने ही 200 प्रतिशत तक टैरिफ बढ़ा डाला था, ऐसे में व्यापार तो पहले ही काफी ठंडा हो चुका था। वैसे एक जमाने में जरूर पाकिस्तान, भारत से कपास, ऑर्गेनिक केमिकल, प्लास्टिक, न्यूक्लियर रिएक्टर, बॉयलर्स, मशीनरी जैसे उत्पाद लेता था। वही भारत को भी पाकिस्तान से फल,सूखे मेवे, नमक, सल्फर, पत्थर मिला करते थे। लेकिन बढ़ते आतंकी हमलों की वजह से भारत ने पाकिस्तान से यह सब लेना बंद कर दिया। यह अलग बात है कि पाकिस्तान को कई जरूरी दवाइयां भारत आज भी देने का काम करता है। लेकिन अगर पीएम मोदी अब नई पहल करते हुए पाकिस्तान जाते हैं, तो वहां पर दोनों देशों के व्यापारिक देशों को लेकर फिर मंथन किया जा सकता है। अगर वे नहीं जाते तो उस स्थिति में यथास्थिति बरकरार रहने की संभावना है। एक खास बाद यह भी है कि पिछले दस सालों में मोदी सरकार के पास पूर्ण बहुमत था, ऐसे में पाकिस्तान और चीन को लेकर क्या स्टैंड रहना है, इसमें कोई कन्फ्यूजन नहीं। जीरो टॉलरेंस ऑन टेररिज्म के जरिए ही कई मौकों पर पाकिस्तान को आईना दिखाने का काम हुआ। तो वही दूसरी तरफ चीन को कई मौकों पर LAC पर दमखम दिखाया गया। अगर पाकिस्तान को सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के जरिए इरादे बता दिए गए थे तो चीन को भी गलवान में अपनी ताकत का अहसास करवाया गया। लेकिन अब जब बीजेपी के पास अपने दम पर बहुमत नहीं है और जेडीयू और टीडीपी जैसी पार्टियों का सहयोग उसे चाहिए। अभी तक मोदी सरकार के लिए पाकिस्तान और चीन बैशिंग उसकी हिंदुत्व वाली राजनीति के लिए भी जरूरी था। लेकिन बदली ही स्थिति में जब जेडीयू और टीडीपी को साथ रखना है, उस एजेंडे पर आगे बढ़ना थोड़ा मुश्किल हो सकता है।असल में जेडीयू और टीडीपी पारंपरिक रूप से खुद को सेकुलर पार्टियां मानती हैं और बीजेपी की हिंदुत्व राजनीति से दोनों ही कई मौकों पर असहज रही हैं। ऐसे में पाकिस्तान और चीन को लेकर अगर कोई भी फैसला लेना होगा, इन दोनों दलों को साथ लेकर चलना जरूरी हो जाता है।




**मेष राशि**–आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपकी मुलाकात किसी प्रभावशाली व्यक्ति से होगी। आज आप अपने अंदर सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगे। पिछले कुछ समय से आप जिस वक्त का इंतजार कर रहे थे, वो इंतजार आज खत्म होगा । परिस्थितियां अनुकूल बनी रहेगी। जीवनसाथी आज आपको नन्हे मेहमान के आने की खुशखबरी दें सकते है।

**वृष राशि**–आज का दिन आपके लिए ख़ास रहने वाला है। आज दोपहर बाद परिस्थितियां बहुत ही अनुकूल रहेगी। किसी पॉलिसी में पैसा लगाने जा रहे हैं तो पहले उसके बारे में पूरी जांच- पड़ताल अवश्य कर लें, या किसी जानकार व्यक्ति की सलाह लेंगे तो सारे काम बनेंगे। आज आपको निश्चित ही फायदा होगा। दूसरों से मदद की अपेक्षा ना करके अपने काम पर ही विश्वास रखें।

**मिथुन राशि**–आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है 7 जिस नए काम की शुरुआत करने में आपको दिक्कतें आ रही थी, आज वे सुगमता से बनने शुरू हो जाएंगे। आज दिल की बजाय दिमाग से काम लेना जरूरी है। साझेदारी के काम में साझेदार की सलाह और अनुभव कई चीजों को व्यवस्थित करने में मदद करेंगे। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही समस्याएं समाप्त होंगी।

**कर्क राशि**–आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज कामों में रुकावट आने की वजह से आपके मनोबल में कमी आ सकती है। इस समय धैर्य रखना जरूरी है। अपने सगे संबंधियों के साथ बात करते समय मधुर भाषा का प्रयोग करें। आज जीवनसाथी से सलाह लेकर काम करना आपकी प्रगति के रास्तों को और अधिक सुगम बनाएगा। परिवार में माहौल खुशनुमा और उमंग भरा बना रहेगा। सेहत के लिहाज से आज आप तंदरूस्त रहेंगे।

**सिंह राशि**–आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज किसी भी महत्वपूर्ण काम को करते समय घर के बड़े बुजुर्गों की सलाह और आशीर्वाद जरूर लें, आपकी सफलता निश्चित है। कुछ समय से चल रही किसी समस्या का भी आज हल निकलेगा। आज आपके द्वारा बनाई गई कोई योजना आने वाले समय में फायदेमंद साबित होगी। पिताजी आपके बिजनेस को बढ़ाने के लिए धन खर्च करेंगे।

**कन्या राशि**–आज का दिन खुशियां लेकर आया है। व्यवसाय संबंधित गतिविधियों पर जो विचार चल रहा था, आज उन पर काम करना पड़ेगा। ऐसा करना फायदेमंद साबित होगा। कर्मचारी और सहयोगी भी अपनी पूर्ण क्षमता से सहयोग करेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को कोई लक्ष्य हासिल कर लेने से राहत मिलेगी। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायेंगे तो आपकी रचनातमक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जायेगा।

**तुला राशि**–आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। अपनी प्रतिभाओं को और अधिक बेहतर बनाएंगे। योजनाओं को क्रियान्वित करने में भी अपनी उर्जा लगाएंगे। आप जिस काम के लिए काफी समय से प्रयासरत थे, वह काम आज पूरा होने वाला है। आज व्यस्तता भरे दिनचर्या से अपने परिवार के लिए समय निकालेंगे, सभी प्रसन्न नजर आयेंगे। आज आप कुछ समय प्रकृति के बीच बिताएंगे आपको मानसिक शांति मिलेगी।

**वृश्चिक राशि**–आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज पिछले कुछ समय से आप जिस काम के प्रति अथक मेहनत कर रहे थे, उसका उचित परिणाम मिलने ही वाला है। आज आपके अंदर कुछ अच्छे विचार आयेंगे। ज्यादा सोच-विचार करने की बजाय काम को तुरंत करने का प्रयास करेंगे, और सफल भी होंगे।

**धनु राशि**–आज का दिन आपके लिए ठीक रहेगा। आज जो भी मौका मिले, उस पर ज्यादा सोच-विचार ना करके तुरंत हासिल कर लेंगे, तो ज्यादा लाभ होगा। मेहनत की अधिकता रहेगी परंतु आने वाले समय में इसके उत्तम परिणाम हासिल होंगे। नौकरी कर रहे लोगों को किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने में सफलता मिलेगी। टेक्सटाइल का काम करने वालों को आज अच्छा लाभ होगा।

**मकर राशि**–आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपके लिए लाभदायक और खुशनुमा परिस्थितियां बना रही है। घर में कोई मांगलिक कार्य संबंधी योजना भी बनेगी। अपने महत्वपूर्ण काम.... दिन की शुरुआत में ही निपटाने का प्रयास करेंगे... क्योंकि पारिवारिक गतिविधियों में भी आपका समय बीतने वाला है। आज आपकी किसी सफलता से जीवनसाथी तथा परिवारजनों को गर्व महसूस होगा।

**कुंभ राशि**–आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज बाहरी गतिविधियों की बजाए नजदीकी संपर्कों को मजबूत करने में ध्यान केंद्रित करेंगे। आज का दिन आपके लिए लाभदायक परिस्थितियां बना रहा है। कोई फंसा हुआ पैसा निकालने के लिए किए गए प्रयास आज सफल होगा। राजनीति से जुड़े लोगों का आज समाज में दबदबा बना रहेगा।

**मीन राशि**–आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला। आज आप जिंदगी को पूरी तरह जिएंगे। आज लंबे समय से कर्जा आदि से आखिरकार आपको छुटकारा मिल जाएगा। दोस्त आज शाम को कोई बढ़िया योजना बनाकर आपका दिन खुशनुमा कर देंगे। आज आप अपने आप को काफी अच्छा महसूस करेंगे। माता-पिता के साथ समय बिताएंगे, जिससे उन्हें प्रसन्नता होगी।

## शब्द पहेली - 8292



### बाएँ से दाएँ

1. सरस्वती-3
3. किनारा,तट-3
5. मूल्य,कीमत-2
6. उस समय-2
8. प्रबंध,व्यवस्था-4
10. नमक-3
11. अधीन,मातहत-3
12. संज्ञा,संबोधन-2
13. मार्ग,रास्ता-2
14. तीर्थ,धार्मिक यात्रा-3
16. धुन,आसक्ति-3
18. जमानत-4
20. रहस्य-2
22. पुत्र,तनय-2
23. मुलायम-3
24. गंवार,अनपढ़-3

### ऊपर से नीचे

1. संध्या,सांझ-2
2. असुर,दैत्य-3
3. शोरबा,रसा-3
4. बुरी आदत-2
5. प्रवेश,एडमिट-3
7. वर यात्रा,दूल्हे का जुलूस-3
8. प्रियतम,साजन-4
9. अनाज-2
11. सनसनी,रोमांच-4
14. तृतीय-3
15. सच्चाई,सत्य-2
17. जिसकी नाक कटी हो, वादा फरामोश-3
18. मुंशी,दीवान-3
19. रवैया,तरीका-3
21. आम जनता-2
22. लता,लतिका-2

### शब्द पहेली -8291 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ना | ह | र | | | आ | | सी |
| गं | | म | | फ | स | ल | | ल |
| क | म | ला | क | र | | म | हि | न |
| | | व | | क | म | | र | |
| ब | जा | र | स | | द | र | क | ना |
| | जु | | म | य | | ख | | |
| अ | क | ल | | ती | मा | र | दा | री |
| म | | क | र | म | | खा | | म |
| ली | | बा | | | ह | व | न | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 7230

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7229 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

# इमर्जिंग एशिया कप के फाइनल में भारत और पाकिस्तान के भिड़ने की संभावना

**नई दिल्ली** । इमर्जिंग एशिया कप में भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमों के बीच फाइनल मुकाबले की संभावना बढ़ गई है, क्योंकि दोनों टीमों ने सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। टूर्नामेंट की शुरुआत धमाकेदार रही, जिसमें भारत ने पाकिस्तान को ग्रुप स्टेज में 7 विकेट से हराया था। इस जीत ने टीम इंडिया के आत्मविश्वास को और बढ़ा दिया।

**सेमीफाइनल की जानकारी-** भारत ए टीम, जिसका नेतृत्व तिलक वर्मा कर रहे हैं, ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनों ग्रुप मैचों में जीत हासिल की। अब उनका सामना सेमीफाइनल में अफगानिस्तान से होगा। वहीं, पाकिस्तान ने भी अपनी स्थिति को मजबूत किया है, जिसने तीन में से दो मैच जीतकर अंतिम चार में स्थान बनाया है। पाकिस्तान का मुकाबला श्रीलंका से होगा। दोनों सेमीफाइनल मुकाबले 25 अक्टूबर को खेले जाएंगे। पहले सेमीफाइनल में श्रीलंका और पाकिस्तान की टीमें भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे भिड़ेंगी, जबकि भारत और अफगानिस्तान के बीच दूसरे सेमीफाइनल का मुकाबला भी इसी दिन खेला जाएगा।



**ग्रुप स्टेज का प्रदर्शन-** भारत ने ग्रुप स्टेज पर अपने सभी तीनों मैच जीतकर 6 अंकों के साथ पॉइंट टेबल में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस ग्रुप में पाकिस्तान भी था, जिसने 4 अंक के साथ सेमीफाइनल में स्थान बनाया। ग्रुप ए से श्रीलंका ने 3 में से दो मैच जीते, जबकि अफगानिस्तान ने भी 2 मैच जीतकर अपनी जगह बनाई। बेहतर नेट रनरेट के कारण श्रीलंका अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहा। टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें शामिल थीं, लेकिन बांग्लादेश ए और हांगकांग को बाहर होना पड़ा। ग्रुप बी से मेज़बान यूएई और ओमान की टीम भी सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई।

**फाइनल की उम्मीदें-** यदि भारत अफगानिस्तान को हराने में सफल होता है और पाकिस्तान श्रीलंका को मात देता है, तो क्रिकेट प्रेमियों को भारत और पाकिस्तान के बीच एक रोमांचक फाइनल देखने को मिलेगा। दोनों टीमों के बीच की प्रतिद्वंद्विता हमेशा से क्रिकेट की दुनिया में चर्चा का विषय रही है। ऐसे में फाइनल मुकाबला एक बड़े आयोजन के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें क्रिकेट प्रेमी अपनी आंखें टिकाए रहेंगे।

# सरफराज खान के खेलने का तरीका अद्वितीय : आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली**। बेंगलुरु में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट में क्रिकेट प्रेमियों ने सरफराज खान के शानदार प्रदर्शन को देखा, जिसने अपने असाधारण खेल के कारण सबका ध्यान आकर्षित किया। सरफराज ने 150 रन बनाए, जिसमें से 96 रन विकेट के पीछे बने। उनकी कोमल कलाइयों, ठोस बैट स्विंग और फुर्तीले फुटवर्क ने उन्हें इस मैच में खास बनाया। खासकर थर्ड-मैन क्षेत्र में उनके रैंप शॉट्स, कट और स्वीप शॉट्स ने सभी को प्रभावित किया। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने सरफराज की तकनीक का खुलासा करते हुए कहा कि उनका खेलने का तरीका अद्वितीय है। उन्होंने बताया कि आमतौर पर बल्लेबाज गेंद के पीछे जाने की कोशिश करते हैं, लेकिन सरफराज गेंद के पास रहकर खेलते हैं। चूंकि वे छोटे कद के हैं, इसलिए वे बैकफुट पर ज्यादा मूव नहीं करते, जिससे उन्हें शॉर्ट-पिच गेंदों पर खेलने में आसानी होती है। चोपड़ा ने कहा, उनके पास हमेशा शॉट खेलने के लिए जगह होती है, और यही उनकी सफलता का रहस्य है। आकाश ने यह भी उल्लेख किया कि गेंदबाज अब तक सरफराज के खेलने के तरीके को समझ नहीं पाए हैं। उन्होंने कहा, उनकी अनूठी तकनीक में उन्हें आत्मविश्वास है, और लोग उन्हें पूरी तरह से समझ नहीं पाए हैं। चोपड़ा ने यह भी कहा कि क्रिकेट हमें यह दिखाता है कि हमारी समझ कभी भी बदल सकती है। उदाहरण के लिए, जसप्रीत बुमराह के गेंदबाजी एक्शन पर भी पहले कई सवाल उठाए गए थे, लेकिन वह अपने तरीके से सफल हुए हैं।



# जेसन गिलेस्पी और शान मसूद चयन नीतियों में नहीं रखेंगे दखल

**रावलपिंडी**। पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के रेड-बॉल कोच जेसन गिलेस्पी और टेस्ट कप्तान शान मसूद अब चयन नीतियों में कोई दखल नहीं रखेंगे। इसकी पुष्टि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने की है। पाकिस्तान ने हाल ही में मुल्तान में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में एक पारी और 47 रन से हार का सामना किया था। गिलेस्पी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा, अब मैं केवल मैच के दिन की रणनीति के लिए कोच हूं। मुझे अब चयन के मामलों से दूर रहने के लिए कहा गया है, और मैं केवल खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित करूंगा। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि गिलेस्पी और मसूद अगले टेस्ट के बाद बोर्ड अधिकारियों के साथ इस फैसले पर चर्चा करने की योजना बना रहे हैं। गिलेस्पी और व्हाइट-बॉल के हेड कोच गैरी कर्स्टन को पहले यह आश्वासन दिया गया था कि टीम से जुड़े सभी मामलों में उनकी राय शामिल होगी, जिसमें टीम चयन और प्लेइंग इलेवन भी शामिल थे। लेकिन अब यह स्थिति बदल गई है। गिलेस्पी ने मीडिया से पुष्टि करते हुए कहा, पहले टेस्ट मैच के बाद पीसीबी ने नया चयन पैनल बनाने का निर्णय लिया। अब मैं निर्णय लेने की प्रक्रिया से बाहर हूं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनका ध्यान खिलाड़ियों की तैयारी और प्रदर्शन पर है। मैं चयनकर्ताओं को अपना काम करने दूंगा। हमारा फोकस मैदान पर सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलना है, उन्होंने कहा। पुनर्निर्मित चयन समिति में पूर्व अंपायर अलीम डार और पूर्व खिलाड़ी आकिब जावेद, असद शफीक, अजहर अली और हसन चीमा शामिल हैं। यह समिति अब ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए टीम का चयन करेगी। चयनकर्ताओं को टेस्ट मैचों के लिए पिचों की तैयारी में भी अपनी राय देने का अधिकार दिया गया है।



# सीरी एः बाढ़ के कारण बोलोग्ना और मिलान के बीच मैच स्थगित

**बोलोग्ना**। बोलोग्ना के मेयर मैटेओ लेपोर ने कहा कि 19 अक्टूबर को बोलोग्ना में आई बाढ़ और आने वाले सप्ताहांत के लिए प्रतिकूल मौसम पूर्वानुमान के मद्देनजर, शनिवार को रेनाटो डाल'आरा स्टेडियम में बोलोग्ना और एसी मिलान के बीच होने वाला सीरी ए मैच स्थगित कर दिया गया है। एहतियात के तौर पर, नगरपालिका ने 25 अक्टूबर को बोलोग्ना के सभी नर्सरी स्कूलों और सभी स्तरों के स्कूलों में शैक्षणिक और शिक्षण गतिविधियों को निलंबित करने का फैसला किया है। बोलोग्ना नगरपालिका के बयान में कहा गया है, "मेयर ने आज दोपहर एक अध्यादेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें शनिवार, 26 अक्टूबर को शाम 6:00 बजे रेनाटो डाल'आरा स्टेडियम में होने वाले फुटबॉल मैच को स्थगित करने का आदेश दिया गया है।" इसमें यह भी कहा गया है कि बोलोग्ना-मिलान मैच के कारण शहर के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र एंड्रिया कोस्टा के माध्यम से लगभग 35,000 लोग डेल'आरा स्टेडियम में आएंगे, जिससे प्रशंसकों की उपस्थिति और दोपहर से लेकर रात तक पूरे आसपास के क्षेत्र में यातायात बंद होने के कारण समस्याएँ पैदा होंगी। बोलोग्ना आठ मैचों में नौ अंकों के साथ लीग में 12वें स्थान पर है, जबकि मिलान आठ मैचों में 14 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है, जिसमें चार जीत, दो ड्रॉ और इतने ही हार शामिल हैं।



# शमी की जगह मयंक को शामिल करें टीम मेंः ब्रेट ली

### भारतीय क्रिकेट टीम के आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर दिया सुझाव

**नई दिल्ली** । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली का कहना है कि अगर अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी फिट नहीं हो पाते हैं, तो मयंक यादव को टीम में शामिल किया जाना चाहिए। ब्रेट ली ने भारतीय क्रिकेट टीम के आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। उनका मानना है कि मयंक की तेज गति और हालिया प्रदर्शन उन्हें ऑस्ट्रेलिया की उछाल भरी पिचों पर प्रभावी बना सकता है।८भारतीय टीम अगले महीने 5 टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी। टीम इंडिया का लक्ष्य इस दौरे पर लगातार तीसरी बार टेस्ट सीरीज जीतने का है। इसके साथ ही, उनकी नजरें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने पर भी टिकी हैं। इस समय शमी की फिटनेस को लेकर संशय बना हुआ है, क्योंकि उन्होंने पिछले साल नवंबर में विश्व कप फाइनल के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। ब्रेट ली ने कहा, "बल्लेबाजों को 135-140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की गेंदों का सामना करने में कोई परेशानी नहीं होती। लेकिन जब गेंदबाज 150 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करता है, तो बल्लेबाजों के लिए इसे खेलना मुश्किल हो जाता है।" उन्होंने मयंक की क्षमता की सराहना की, यह कहते हुए कि वह ऑस्ट्रेलिया की पिचों पर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। मयंक यादव ने हाल ही में आईपीएल में 157 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी की थी, लेकिन दुर्भाग्यवश उन्हें चोट लग गई। ली ने कहा, "मेरे लिए सबसे अच्छी बात यह है कि मुझे आईपीएल में कई अच्छे युवा भारतीय क्रिकेटरों को देखने का मौका मिला है। अगर मयंक को सही समय पर फिट किया जाए, तो वह भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।" ली ने यह भी बताया कि भारतीय टीम में विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं जो ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी को परेशान कर सकते हैं। उन्होंने अश्विन की स्पिन गेंदबाजी की तारीफ की और कहा कि यदि शमी फिट होते हैं, तो उनकी भूमिका अहम हो सकती है।



## व्यापार

# देश में 597 कंपनियों के मालिकों ने घटाई अपनी हिस्सेदारी, निवेशकों का बढ़ा तनाव

**नई दिल्ली**। अक्टूबर में शेयर बाजार में आई जोरदार गिरावट से निवेशक पहले से ही परेशान हैं। इस बीच आज आई एक खबर ने उनके तनाव में और बढ़ोतरी कर दी है। इस खबर के मुताबिक देश में कम से कम 597 कंपनियों के मालिकों या प्रमोटर्स ने सितंबर में खत्म हुई तिमाही के दौरान कंपनी में अपनी शेयर होल्डिंग कम कर दी है यानी कंपनी में अपनी हिस्सेदारी घटा दी है। वहीं करीब 200 कंपनियों के मालिकों या प्रमोटर्स ने अपनी हिस्सेदारी में इजाफा भी किया है। स्टॉक मार्केट में लिस्टेड कंपनियों में से लगभग 3,300 कंपनियों ने सितंबर में खत्म हुई तिमाही के बाद अपनी शेयर होल्डिंग से जुड़े आंकड़े जारी कर दिए हैं। इनमें से 597 कंपनियों के प्रमोटर्स ने अपनी हिस्सेदारी घटाई है, जबकि लगभग 200 कंपनियों के प्रमोटर्स के हिस्सेदारी में इजाफा हुआ है, वहीं लगभग 2,500 कंपनियों के मालिकों या प्रमोटर्स के शेयर होल्डिंग डेटा में कोई बदलाव नहीं हुआ है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में जब सभी लिस्टेड कंपनियों का शेयर होल्डिंग डेटा जारी हो जाएगा तो निवेशकों की हिस्सेदारी कम करने वाली कंपनियों की संख्या में और भी बढ़ोतरी हो सकती है। शेयर होल्डिंग डेटा के मुताबिक जिन कुछ बड़ी कंपनियों में प्रमोटर्स ने अपने हिस्सेदारी घटाई है, उनमें अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, टाटा मोटर्स, स्पाइसजेट, प्रेस्टीज एस्टेट प्रोजेक्ट्स और इंटरग्लोब एवियशन (इंडिगो) के नाम शामिल हैं। इनमें से ज्यादातर कंपनियों की ओर से पुराने कर्जों को निपटाने और काम का विस्तार करने के लिए प्रमोटर्स की शेयर होल्डिंग में कमी करने क ऐलान पहले ही कर दिया गया था। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि प्रमोटर्स द्वारा अपनी हिस्सेदारी में कमी करने की बात को लेकर अधिक चिंता नहीं करनी चाहिए, क्योंकि अभी प्रमोटर्स द्वारा हिस्सेदारी में कमी करने की एक बड़ी वजह शेयरों का ऊंचा वैल्यूएशन है। कई कंपनियों के प्रमोटर्स ऊंचे वैल्यूएशन का फायदा उठाते हुए अपनी हिस्सेदारी में कुछ कमी करके पुराने कर्जों का निपटारा कर देते हैं। वहीं कुछ प्रमोटर्स अपनी लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए भी ऊंचे वैल्यूएशन के दौरान अपने हिस्सेदारी कम करने का तरीका अपनाते हैं। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का कहना है कि प्रमोटर्स पर अपनी कंपनियां में अपनी हिस्सेदारी को बेचने पर रोक लगाने का कोई नियम नहीं है। ऐसी स्थिति में प्रमोटर्स कई वजहों से अपनी हिस्सेदारी कम कर सकते हैं। इन वजहों में पर्सनल फाइनेंस की बात भी कही जा सकती है। इसके साथ ही कंपनी के रणनीतिक और व्यावसायिक फैसलों की वजह से भी प्रमोटर्स अपनी हिस्सेदारी कम करने या बढ़ाने का तरीका अपनाते हैं। कई बार प्रमोटर्स अपने पुराने कर्ज को चुकाने, पूंजी को डायवर्सिफाई करने, किसी दूसरे वेंचर में पैसा लगाने या व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता में बने रहने के लिए भी अपनी हिस्सेदारी कम करके पूंजी जुटाते हैं। प्रशांत धामी का कहना है कि प्रमोटर्स द्वारा अपनी हिस्सेदारी कम करने की बात को लेकर तब तक चिंता नहीं करनी चाहिए, जब तक कि ये बिक्री मजबूत वैल्यूएशन और बिजनेस फंडामेंटल्स के साथ हो रही हो। ऐसा होने पर इसे व्यवसाय की स्वस्थ और सुविचारित रणनीति माना जा सकता है। कई बार प्रमोटर्स अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए पूंजी जुटाने के इरादे से भी हाई वैल्यूएशन के दौरान अपने हिस्सेदारी कम करने का तरीका अपनाते हैं। धामी का कहना है कि निवेशकों को हमेशा ही प्रमोटर्स की हिस्सेदारी कम करने की वजहों पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि जब तक प्रमोटर्स की हिस्सेदारी में कमी कंपनी के कारोबार का विस्तार करने या कंपनी के पुराने कर्जों को कम करने के लिए की जाती है, तब तक उसे गलत नहीं कहा जा सकता लेकिन अगर प्रमोटर्स व्यक्तिगत उद्देश्यों से यानी कंपनी से पीछा छुड़ाने के लिए अपनी हिस्सेदारी घटना शुरू करते हैं तो ये बात निवेशकों के हितों पर निगेटिव असर डाल सकती है। इसी तरह अलकनंदा फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ रमेश का गौतम का भी कहना है कि सितंबर की तिमाही में घरेलू शेयर बाजार लगातार मजबूती के रिकॉर्ड बना रहा था। ज्यादातर कंपनियां हाई प्रीमियम वैल्यू पर कारोबार कर रही थीं। यही वजह है कि सितंबर तिमाही के दौरान प्रमोटर्स ने अपनी हिस्सेदारी कम करने का तरीका अपनाया। इनमें से कई प्रमोटर्स ने अपने कारोबार को और बढ़ाने का ऐलान भी किया है, वहीं कई प्रमोटर्स ने मार्केट में करेक्शन होने के बाद अपनी हिस्सेदारी को दोबारा बढ़ाने की रणनीति भी बना रखी है। इसलिए निवेशकों को सितंबर तिमाही में प्रमोटर्स द्वारा अपने हिस्सेदारी में कमी करने की बात को लेकर अधिक चिंतित नहीं होना चाहिए, लेकिन उन्हें प्रमोटर्स द्वारा अपनी हिस्सेदारी कम करने की वजहों पर लगातार नजर बनाए रखना चाहिए।



# डॉलर के मुकाबले रुपया 84.07 पर स्थिर

### रुपया गुरुवार को 84.07 पर बंद हुआ था



**मुंबई**। रुपये ने अमेरिकी मुद्रा में मजबूती तथा विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के बीच शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.07 के अपने अभी तक के सबसे निचले स्तर पर कारोबार किया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि घरेलू शेयर बाजारों में कुछ सुधार के संकेत से स्थानीय मुद्रा में गिरावट कुछ हद तक सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.07 प्रति डॉलर पर खुला जो पिछले बंद भाव के बराबर है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.07 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 103.95 पर रहा।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 दाना तूफान ओडिशा से टकराया,300 उड़ानें, 552 ट्रेनें रद्द;आर्मी वाहन पर आतंकी हमला,2 जवान शहीद;कांग्रेस यूपी उपचुनाव नहीं लड़ेगी
2 LAC पर भारत-चीन गश्त समझौते पर बोले राजनाथ सिंह,जमीनी स्थिति बहाल करने पर बनी व्यापक सहमति
3 राजधानी दिल्ली में चाणक्य रक्षा वार्ता 2024 में बोलते हुए,रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दोनों देशों के बीच हुए समझौते को एक महत्वपूर्ण विकास बताया,जो वैश्विक मंच पर रक्षा वार्ता के महत्व को भी रेखांकित करता है
4 सुप्रीम कोर्टःन्यायमूर्ति संजीव खन्ना होंगे भारत के अगले प्रधान न्यायाधीश,11 नवंबर को लेंगे शपथ
5 कश्मीर में सेना के वाहन पर आतंकी हमला,3 जवान शहीद और एक पोर्टर की मौत,गुलमर्ग के नागिन इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी
6 केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार ट्रैफिक उल्लंघनों की जांच करने और जुर्माना सही तरीके से लगाए जाने को सुनिश्चित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई और अन्य नए तरीकों का इस्तेमाल करने का प्रस्ताव कर रही है
7 गडकरी ने कहा कि एडवांस्ड इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस को इंटीग्रेट किए बिना,कानूनों को लागू किए बिना और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाए बिना सड़क सुरक्षा हासिल नहीं की जा सकती
8 उड़ानों में बम की धमकी वाली झूठी कॉल पर सरकार ने शुरू की कार्रवाई,मेटा और एक्स से मांगी मदद
9 स्पेस सेक्टर में स्टार्ट अप पर 1,000 करोड़ खर्च करेगी,बिहार और आंध्र प्रदेश के रेल प्रोजेक्ट्स को 6,798 करोड़ जारी;कैबिनेट बैठक में फैसला
10 किसान महापंचायत में बोले राकेश टिकैत,ईवीएम है इनकी बिल्ली मौसी,वोट कहीं डालो,जीतेंगे भाजपा वाले ही
11 महाराष्ट्र चुनाव में घड़ी सिंबल अजित गुट के पास रहेगा,सुप्रीम कोर्ट बोलाःबैनर-पोस्टर में लिखें,मामला कोर्ट में विचाराधीन;6 नवंबर तक जवाब दें
12 चुनाव से पहले अजित पवार को झटका,NCP मुंबई के अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा, निर्दलीय लड़ेंगे
13 NCP शरद की पहली लिस्ट जारी;45 नाम,अजित पवार के खिलाफ बारामती से भतीजे को टिकट,अनिल देशमुख कटोल सीट से लड़ेंगे
14 महाराष्ट्र विधानसभा चुनावःकांग्रेस की पहली में लिस्ट 48 नाम,पृथ्वीराज चव्हाण कराड साउथ से चुनाव लड़ेंगे,नाना पटोले को साकोली से उम्मीदवार घोषित
15 यूपी में उपचुनाव नहीं लड़ेगी कांग्रेस,सपा ने सभी 9 सीटों पर कैंडिडेट का ऐलान किया;अखिलेश ने राहुल का हाथ थामे फोटो शेयर किया
16 नागौर खींवसर से उपचुनाव में हनुमान बेनीवाल की पत्नी चुनावी मैदान में,आरएलपी ने कनिका के नाम पर लगाई मुहर
17 दूसरा टेस्ट,पहला दिनःभारत का स्कोर 16/1,रोहित बिना रन बनाए आउट;न्यूजीलैंड 259 पर ऑलआउट,सुंदर को कमबैक मैच में 7 विकेट
18 चक्रवात दाना के कारण बंगाल-ओडिशा में तेज हवा-ऊंची लहरें;IMD बोलाःलैंडफॉल शुक्रवार तक चलेगा
19 ट्रूडो की उलटी गिनती शुरू ! भारत से पंगे पर अपनी ही पार्टी के सांसदों ने दिया अल्टीमेटम,28 अक्तूबर तक इस्तीफा दो वर्ना हटा दिया जाएगा
20 J&K:LOC के पास सेना की गाड़ी पर आतंकी हमला,2 जवान शहीद,दो पोर्टर भी मारे गए
21 जस्टिस संजीव खन्ना की नियुक्ति को केंद्र से मिली हरी झंडी,बनेंगे देश के अगले CJI
22 अजीत पवार के खिलाफ भतीजे को दिया टिकट,शरद गुट ने 45 उम्मीदवारों का किया ऐलान
23 VIDEO:अमेरिका में गुरुद्वारा प्रधान का साहसिक एक्शन ! नगर कीर्तन में आए खालिस्तान समर्थकों दिया अल्टीमेटम,कहाः5 मिनट में निकलो बाहर
24 LAC Patrolling: पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन सैन्य विघटन शुरू; देपसांग-डेमचॉक में 4-5 दिनों में पेट्रोलिंग होगी
25 हरियाणा विधानसभा सत्र,नए MLA लिए शपथ,स्पीकर-डिप्टी स्पीकर का हुआ चुनाव,40 विधायक पहली बार लिए शपथ
26 सुप्रीम कोर्ट बोलाः आधार कार्ड उम्र का प्रमाण नहीं,पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को रद्द किया
27 महाराष्ट्र महाविकास अघाड़ी में सीट बंटवारे की आखिरी बैठक;कांग्रेस 48,NCP शरद 45 और शिवसेना उद्धव 65 नाम का ऐलान कर चुका
28 ओडिशा के तट पर साइक्लोन दाना का लैंडफॉल जारी,धामरा में पेड़ उखड़े;कोलकाता एयरपोर्ट सुबह 9 बजे तक बंद;बंगाल समेत 7 राज्यों पर असर
29 हरियाणा से निकलकर महाराष्ट्र के चुनावी दंगल में विनेश फोगाट की हुई एंट्री, कांग्रेस ने दिया ये जिम्मा
30 महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए केजरीवाल ने बनाया खास प्लान,महाविकास अघाड़ी के लिए करेंगे प्रचार
31 बिहार में पलटने से बची ट्रेन,पटरी पर रची गयी थी साजिश,ड्राइवर की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा...
32 Jharkhand Chunav 2024:हिमंता बिस्वा सरमा बोले,सरकार बनी तो CGL परीक्षा की CBI जांच और सालभर में दो लाख को नौकरी
33 इंडियन स्टूडेंट्स को कट्टरपंथी बनाने की कोशिश कर रहे खालिस्तानी,कनाडा से लौटे भारतीय उच्चायुक्त
34 राजस्थान उपचुनावः शेखावाटी क्षेत्र की दुश्मन है कांग्रेस,यमुना जल समझौते को रद्द करने की थी प्लानिंगःभजनलाल
35 भारतीय महिला टीम ने पहला वनडे 59 रन से जीता,न्यूजीलैंड के खिलाफ सारीज में 1-0 की बढ़त बनाई;दीप्ती प्लेयर ऑफ द मैच
36 पीएम मोदी ने ओडिशा के CM माझी से चक्रवात दाना की तैयारियों पर चर्चा की
37 भारत ने लेबनान को मानवीय सहायता की पहली किस्त सौंपी
38 NIA ने लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई पर 10 लाख का इनाम घोषित किया
39 मेडिकल इमरजेंसी के बाद विस्तारा एयरलाइंस का एक विमान जयपुर की ओर डायवर्ट
40 तिरुपतिःकई होटलों को मिली बम की धमकी, जांच में जुटी पुलिस




# प्रभास का फैंस को रिटर्न गिफ्ट, द राजा साब का मोशन पोस्टर आउट

## डबल रोल में धमाल मचाएंगे रिबेल स्टार

साउथ सुपरस्टार प्रभास अपने 45 वां बर्थडे के मौके पर उन्होंने अपने फैंस को जबदस्त रिटर्न गिफ्ट दिया है. प्रभास ने अपनी अपकमिंग फिल्म द राजा साब का मोशन पोस्टर रिलीज किया है. हाल ही में मेकर्स ने अनाउंस किया था कि वे प्रभास के बर्थडे पर कुछ खास लाने वाले हैं. जिसके बाद फैंस एक्साइटेड हो गए और अब फाइनली प्रभास ने फैंस का इंताजर खत्म कर दिया है. प्रभास की द राजा साब के मेकर्स ने मोस्ट अवेटेड फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया है. इसमें प्रभास का अलग और नया अवतार देखने को मिल रहा है. पोस्टर में प्रभास एक सिंहासन पर बैठे हुए हैं. उनका लुक अब तक की उनकी फिल्मों से बिल्कुल अलग और नया है. मेकर्स ने पोस्टर रिलीज करते हुए लिखा, रॉयल बाय ब्लड, रिबेल बाय चॉइस, वो उसे लेकर रहेगा जो हमेशा से उसका था. जैसे ही प्रभास का यह पोस्टर रिलीज किया गया फैंस ने कमेंट करना शुरू कर दिया. सबसे ज्यादा फैंस ने इस बात पर ध्यान दिया कि क्या इस फिल्म में प्रभास डबल रोल में होंगे. एक यूजर ने कमेंट किया, डबल रोल वाह क्या बात है. एक ने लिखा, क्या प्रभास दादा और पोते का रोल प्ले कर रहे हैं. एक फैन ने कमेंट किया, क्या लुक है रिबेल स्टार आलवेज रॉक. एक ने लिखा, हैप्पी बर्थडे प्रभास, क्या गिफ्ट दिया है आपने. डायरेक्टर मारुति ने एक्स पर बताया था कि वे जल्द ही द राजा साब से कुछ स्पेशल शेयर करने वाले हैं. प्रभास गारु का बर्थडे आ रहा है. होर्डिंग, फ्लेक्स, बैनर सब दिखा दिया. लेकिन काफी टाइम हो गया कुछ नया अपडेट नहीं है इस पर डायरेक्टर मारुति ने कहा- हां जल्द ही कुछ डार्लिंग की तरफ से डार्लिंग के फैंस के लिए कुछ आने वाला है. हमारे साथ बने रहें. वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रभास की पिछली रिलीज फिल्म कल्कि 2898 एडी थी. जिसमें उन्होंने अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण और कमल हासन जैसे सितारों के साथ स्क्रीन शेयर की थी. उनकी पाइप लाइन में स्पिरिट, कन्नप्पा, प्रभास हनु और सालार पार्ट 2 जैसी फिल्में हैं.

# बॉक्स ऑफिस पर आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा की हालत पस्त

## 12वें दिन जुटाए इतने रुपये






आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा से दर्शकों को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन यह दर्शकों की कसौटी पर खरी नहीं उतरीं। यही वजह है कि पहले ही दिन से फिल्म टिकट खिड़की पर संघर्ष कर रही हैं।पिछले कुछ दिनों से इस फिल्म की दैनिक कमाई में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, जो लाखों में सिमट गई है।अब जिगरा की कमाई के 12वें दिन का आंकड़े सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, जिगरा ने अपनी रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को 60 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 28.40 करोड़ रुपये हो गया है।इस फिल्म में आलिया न सिर्फ अभिनय कर रही हैं, बल्कि वह फिल्म की सह-निर्माता भी हैं। उन्होंने जाने-माने निर्देशक और निर्माता करण जौहर के साथ मिलकर इस फिल्म का निर्माण किया है।फिल्म के निर्देशन की कमान वासन बाला ने संभाली है। एक्शन से भरपूर फिल्म जिगरा में आलिया के साथ अभिनेता वेदांग रैना मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हो रही है।फिल्म में आलिया ने वेदांग की बड़ी बहन का किरदार निभाया है, जो अपने भाई को हर मुसीबत से बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।जिगरा का बजट 80 करोड़ रुपये बताया जा रहा है और यह अपनी लागत का आधा पैसा भी नहीं कमा सकी है।

# अमरन का ट्रेलर आउट, देशभक्ति और प्यार के बीच रोलर कोस्टर राइड है साईं पल्लवी-शिवकार्तिकेयन की फिल्म





राजकुमार पेरियासामी द्वारा निर्देशित एक्शन फिल्म अमरन का मोस्ट अवेटेड रिलीज किया गया था जो दर्शकों को एक इमोशनल और देशभक्ति से भरपूर कहानी पेश करता है. राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल द्वारा निर्मित, फिल्म में मेजर मुकुंद वरदराजन का रोल शिवकार्तिकियन प्ले कर रहे हैं साथ ही साईं पल्लवी, भुवन अरोड़ा, राहुल बोस जैसे शानदार कलाकार सपोर्टिंग रोल में हैं. अमरन शिव अरूर और राहुल सिंह की बुक सीरीज इंडियाज मोस्ट फियरलेस: ट्रू स्टोरीज ऑफ मॉडर्न मिलिट्री का रूपांतरण है, जो मेजर वरदराजन की बहादुरी पर केंद्रित है. ट्रेलर में जबरदस्त एक्शन सीन और इमोशनल पल है जो देशभक्ति और प्यार के बीच चलने वाले उतार चढ़ावों को दिखाता है. अमरन की स्टोरी वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित है इसीलिए फिल्म को लेकर काफी एक्साइटमेंट बढ़ गई है. फिल्म में साईं पल्लवी मेजर मुकुंद वरदराजन की पत्नी की भूमिका में है जिनका नाम इंदु रेबेका वर्गीज है. फिल्म में दिखाया गया है कि एक आर्मी ऑफिस की जिंदगी कैसी होती है. किस तरह उनका परिवार उनके साथ रहना चाहता है और उनके बच्चे हमेशा उन्हें मिस करते हैं. देशभक्ति के साथ ही कैसे एक सोल्जर अपने परिवार का ध्यान रखता है इन सब इमोशन के ताने बाने से बुनी गई है अमरन. साईं पल्लवी और शिवकार्तियन की अमरन दिवाली के मौके पर 31 अक्टूबर को रिलीज होने जा रही है. इस फिल्म में जीवी प्रकाश




कुमार ने संगीत दिया है. और इसे राजकुमार पेरियासामी ने निर्देशित किया है. फिल्म में साईं पल्लवी और शिवकार्तिकियन के अलावा भुवन अरोड़ा, राहुल बोस जैसे शानदार कलाकार सपोर्टिंग रोल में हैं.

# भोजपुरी स्टार मोनालिसा ने स्विमसूट पहन स्विमिंग पूल में लगाई आग

## एक्ट्रेस की हॉटनेस ने बढ़ाया तापमान







भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी बोल्ड और हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। उनकी इन फोटोज को देखकर फैंस उनकी तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं। मोनालिसा अक्सर अपनी बोल्ड अदाओं से सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरती रहती हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी हॉटनेस ने फैंस का दिल जीत लिया है. मोनालिसा ने ब्लू प्रिंटेड स्विमसूट पहनकर स्विमिंग पूल के किनारे बैठकर पोज दिए, जिसमें उनका ग्लैमरस अंदाज देखते ही बन रहा है.खुले बाल और स्विमिंग पूल के किनारे बैठी मोनालिसा की तस्वीरों ने सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है. भोजपुरी इंडस्ट्री से टीवी तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा इन दिनों काफी पॉपुलर हो चुकी हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही छा जाता है। बताते चलें कि एक्ट्रेस मोनालिसा जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक लुक को देखकर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। मोनालिसा सोशल मीडिया लवर हैं और एक्ट्रेस इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस का कॉन्फिडेंस और स्टाइल दोनों ही काबिले तारीफ है. जैसे ही मोनालिसा ने ये तस्वीरें पोस्ट कीं, फैंस की ओर से लाइक्स और कमेंट्स की बाढ़ आ गई.


स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।